सुविचार

समय कभी वापस नहीं आता, इसलिए हर पल का सही उपयोग करना सीखें और आगे बढ़ें।

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews



हम यहां डिफेंड करने नहीं आए हैं, गुजरात के खिलाफ क्वालिफायर मुकाबले से पहले गरजे रजत...
» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 144 | दिनांक : मंगलवार, 26 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

# कला, खेल और चिकित्सा जगत की 66 हस्तियों को मिले पद्म सम्मान

## धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

25 मई ( एएम नाथ )

इस साल जनवरी में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों की घोषणा हुई थी। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी, इनमें से 66 हस्तियों को आज सम्मानित किया जा रहा है। इस साल की सूची के मुताबिक कुल पांच लोगों को पद्म विभूषण, 13 विभूतियों को पद्म भूषण और 113 लोगों को पद्म श्री से नवाजा जाएगा। पद्म विभूषण सम्मान 2026 में सबसे पहले दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) को प्रदान किया गया। यह सम्मान उनकी पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। सोलर ग्रुप के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल को रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में पुदुचेरी के सिलंबम खिलाड़ी के. पजनीवेल को पारंपरिक मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा, यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष ममिडाला जगदीश कुमार को शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्रदान किया गया।







## पद्म अवॉर्ड लेने आए शख्स ने मोदी को किया साष्टांग प्रणाम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया. इसमें धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया लेकिन पद्म श्री से नवाजे गए पुडुचेरी के एक शख्स ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साष्टांग प्रणाम किया, वह चर्चा में बना हुआ है. पुडुचेरी के प्रसिद्ध सिलंबम गुरु के. पजानिवेल को देश में पारंपरिक मार्शल आर्ट में उनके अहम योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया. राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में जैसे ही पुरस्कार के लिए उनके नाम का ऐलान किया गया. उन्होंने सम्मान लेने जाने से पहले जमीन पर लेटकर साष्टांग की मुद्रा में प्रधानमंत्री मोदी को प्रणाम किया.



## शानदार खेल का हरमनप्रीत कौर को मिला इनाम, राष्ट्रपति ने पद्म श्री से किया सम्मानित

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को सोमवार (25 मई 2026) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री से सम्मानित किया। इस साल सम्मानित होने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में हरमनप्रीत भी शामिल थीं। उनके साथ भारतीय पुरुष टीम के दिग्गज क्रिकेटर रोहित शर्मा को भी यह सम्मान मिला। हरमनप्रीत कौर को यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके शानदार योगदान और विमेन इन ब्लू को अंतरराष्ट्रीय सफलताएं दिलाने में उनके नेतृत्व को देखते हुए दिया गया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साल 2025 में अपना पहला वर्ल्ड कप खिताब जीता था। इस वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर अपना पहला खिताब जीता था।



यह सम्मान राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने विभिन्न श्रेणियों में पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। कुल मिलाकर, साल 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है। इससे पहले, जब पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की गई थी, तब हरमनप्रीत ने अपनी विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम मुंबई इंडियंस की तरफ से साझा किए गए एक वीडियो में आभार व्यक्त करते हुए इस क्षण को अपने परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया था।

## संक्षिप्त न्यूज

### असम विधानसभा में बड़ी पहल

## संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव पेश

**गुवाहाटी ( ब्यूरो )**- असम सरकार ने परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण लागू करने का प्रस्ताव सोमवार को विधानसभा में पेश किया। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अजंता नियोग ने नव गठित विधानसभा के पहले सत्र के तीसरे दिन प्रस्ताव पेश करते हुए सदन से आरक्षण के लिए सर्वसम्मति से समर्थन देने का आग्रह किया। प्रस्ताव के अनुसार, ''नारी शक्ति का सम्मान करने और महिलाओं के समग्र विकास और सशक्तीकरण को सुनिश्चित करने के लिए, परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद देश की संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण को और अधिक सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक और सामाजिक सद्भावना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''महिलाएं राजनीतिक रूप से पर्याप्त रूप से सशक्त नहीं हैं। और यह केवल हमारे देश में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी है। इसके कई कारण हैं, जिनमें सामाजिक और शैक्षिक कारण शामिल हैं। मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें आश्वासन दिया है कि वह महिलाओं को उनका हक दिलाएंगे। एक महिला होने के नाते, मैं इस प्रस्ताव के लिए सर्वसम्मति से समर्थन चाहती हूं। राजग शासित कई राज्यों की विधानसभाओं ने पहले ही इसी तरह के प्रस्ताव पारित कर दिए हैं।



## जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में 300 पर्यटक हवा में अटके, बचाने में लगी है सेना

**बारामुला ( ब्यूरो )**- जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में रोपवे में तकनीकी खराबी आ जाने से करीब 300 पर्यटक हवा में फंस गए। रोपवे में फंसे पर्यटकों को बचाने के लिए सेना को बुलाया गया है। इस काम में जम्मू कश्मीर पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी लगे हुए हैं। सेना के मुताबिक कुल 65 केबिन बीच हवा में रुक गए थे। इनमें से 16 केबीनों में से 80 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और बाकी के पर्यटकों को निकालने का काम अभी भी जारी है। इस घटना में अभी किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।



सेना के नार्दन कमांड ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है, प्रशिक्षित टीमें गुलमर्ग गंडोला में राहत और बचाव का अभियान चला रही हैं। इस काम काम चिनार कॉर्प्स और भारतीय सेना। सेना के मुताबिक 65 केबिन फंसे हुए थे। अब तक 16 केबिनों में से 80 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बाकी के केबिनों के लिए राहत और बचाव अभियान अभी भी जारी है।

# हिमाचल पंचायत चुनाव : पहले चरण के लिए आज मतदान

## 1293 पंचायतों में वोटिंग की पूरी तैयारी

» प्रथम न्यूज । शिमला

25 मई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के लिए 3754 पंचायतों में से पहले चरण में 1293 पंचायतों के लिए मंगलवार 26 मई को सुबह 7 बजे से तीन बजे तक मतदान होगा। कुल 31182 पदों में से 10854 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है।

जबकि मंडी में एक वार्ड सदस्य का चुनाव प्रत्याशी के निधन के कारण रद्द कर दिया है। ऐसे में अब तीन चरणों में 20327 पदों के लिए मतदान होना है। पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए सोमवार को ही मतदान केंद्र पूरी तरह से तैयार कर लिए गए।

पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान होगा। अति संवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्रों में वीडियो रिकार्डिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता से करवाने के लिए भारी सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। वार्ड सदस्य, उप प्रधान और प्रधान पद की मतगणना मतदान के बाद पंचायत मुख्यालय में वीडियो रिकार्डिंग के साथ होगी।



### 21678 बने मतदान केंद्र

तीन चरणों में होने वाले मतदान के बाद पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्यों की मतपेटियों को भारी सुरक्षा के बीच खंड विकास कार्यालयों में रखा जाएगा। 31 मई को इनकी मतगणना होगी।

दोपहर बाद तीन बजे तक मतदान निर्धारित किया गया है। हालांकि तीन बजे जो मतदाता कतारों में लगे होंगे उन्हें जब तक मतदान समाप्त नहीं होता मतदान करवाया जाएगा।

प्रदेशभर में तीन चरणों में होने वाले मतदान के लिए कुल 21,678 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 1,585 अति संवेदनशील, 3,554 संवेदनशील और 16,539 सामान्य मतदान केंद्र हैं। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष करवाने के लिए 8,198 मतदान दल तैनात किए गए हैं।

### मतदान केंद्रों में केवल मतदान कर्मी व मतदाता कर सकेंगे प्रवेश

पंचायत चुनाव को लेकर होने वाले मतदान को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत मतदान केंद्रों में केवल मतदान कर्मियों के अलावा मतदाता ही प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा किसी को भी मतदान केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

### मोबाइल फोन और अन्य कोई सामान नहीं ले जा सकेंगे केंद्र के अंदर

मतदाता मतदान करने के दौरान मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन और बैग और अन्य सामान नहीं ले जा सकेंगे। इसके लिए मतदान केंद्रों के बाहर ही मोबाइल और अन्य सामान को जमा करवाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 100 मीटर के दायरे से बाहर ही राजनीतक दल कोई बूथ आदि लगा सकेंगे।

### मतदान के लिए 16 प्रकार के दस्तावेज मान्य

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया फोटा पहचान पत्र के अलावा 16 प्रकार के दस्तावेज मान्य होंगे इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र, केंद्र सरकार, राल्य सरकार, सरकारी बर्धसरकारर उपक्रमों और निजी औद्योगिक संस्थाओं द्वारा जारी पहचान पत्र, बैंक, किसान और डाकघर पासबुक, राशन कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आरझा प्रमाणपत्र, छात्र पहचान पत्र, संपत्ति संबंधी कागजात, जैसे पट्टा आदि, शस्त्र लाइसेंस, परिवहन विभाग द्वारा जारी कंडक्टर लाइसेंस, पेंशन अभिलेख जैसे पीपीओ, पेशंन बुक, पूर्व सैनिक और उनकी विधश्वाओं को जारी प्रमाण पत्र, रेलवे व बस पास, अक्षम प्रमाणपत्र, स्वतंज्ता सैनानी प्रमाणपत्र, आधार कार्ड शामिल है।

## पंजाब के 103 निकायों में वोटिंग आज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### आप-कांग्रेस-भाजपा में कांटे की टक्कर

**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**- पंजाब में आज स्थानीय निकाय चुनाव के तहत राज्यभर के 103 नगर निकायों में मतदान कराया जाएगा। चुनाव को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मतदान सुबह से शुरू होगा, जबकि मतगणना 29 मई को की जाएगी। राज्य के 8 नगर निगम मोहाली, बठिंडा, अबोहर, बरनाला, कपूरथला, मोगा, बटाला और पठानकोट में चुनाव हो रहे हैं। इसके अलावा 75 नगर परिषद और 20 नगर पंचायतों के लिए भी वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। कई संवेदनशील बूथों पर सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा कर्मियों की विशेष व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग पार्टियों को पहले ही रवाना कर दिया गया है। राजनीतिक तौर पर यह चुनाव बेहद अहम माना जा रहा है। इसे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले का 'सेमीफाइनल' भी कहा जा रहा है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी शहरी क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से मैदान में है, जबकि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल भी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। सभी दलों ने बीते दिनों व्यापक प्रचार अभियान चलाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश की।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों के नतीजे पंजाब की आगामी राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं। खासकर शहरी मतदाताओं का रुझान किस ओर है, इस पर सभी दलों की नजरें टिकी हुई हैं। मतदाताओं में भी चुनाव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोगों के मतदान केंद्रों तक पहुंचने की उम्मीद है।

# नीट के बाद अब सीबीएसई मूल्यांकन में गड़बड़ी

## एक अयोग्य और निकम्मे शिक्षा मंत्री की वजह से देश के लाखों बच्चों को ट्रॉमा में नहीं डाला जा सकता : केजरीवाल

- पोर्टल काम नहीं कर रहा, लॉग इन होने पर पेमेंट गेटवे काम नहीं कर रहा और स्कैन कॉपी भी धूंधली है : केजरीवाल
- सरकार छात्रों की मुफ्त मैनुअल रिवैल्यूएशन, ओएसएम प्रक्रिया रद्द और रिवैल्यूएशन करने की मांग पूरी करे

## शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करें प्रधानमंत्री : अरविंद केजरीवाल

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

25 मई ( ब्यूरो )

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीट पेपर लीक के बाद अब सीबीएसई मूल्यांकन में गड़बड़ी मिलने पर प्रधानमंत्री से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक अयोग्य और निकम्मे शिक्षा मंत्री की वजह से देश के लाखों बच्चों को ट्रॉमा में नहीं डाला जा सकता। सीबीएसई मूल्यांकन में इतने बड़े स्तर पर हुई गड़बड़ी ने लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। छात्र मुफ्त मैनुअल रिवैल्यूएशन, ओएसएम प्रक्रिया रद्द और रिवैल्यूएशन करने की मांग कर रहे हैं, सरकार उनकी मांग पूरी करे। क्योंकि पोर्टल काम नहीं कर रहा है। अगर लॉग हो गए तो पेमेंट गेटवे काम नहीं कर रहा और स्कैन कॉपी भी धूंधली है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि अभी सीबीएसई मूल्यांकन में जो इतना बड़ा घोटाला निकला है, उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी जी को धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान जी एक दिन या एक सेकंड के लिए भी इस देश के शिक्षा मंत्री बनने के लायक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले नीट में धांधली हुई और अब सीबीएसई के इवैल्यूएशन प्रोसेस में इतनी बड़ी धांधली निकलकर आई है। पूरे देश में 12वीं के लाखों बच्चे बहुत ज्यादा स्ट्रेस और डिप्रेशन में हैं। उनके मां-बाप भी बुरी तरह से डिप्रेशन में हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बच्चे मांग कर रहे हैं कि जो भी बच्चे रिवैल्यूएशन की मांग करें, उनका मैनुअल रिवैल्यूएशन करवाया जाए। दूसरा, रिवैल्यूएशन की फीस माफ की जाए। तीसरा, ओएसएम का पूरा प्रोसेस खारिज किया जाए और चौथा, रिवैल्यूएशन जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि बच्चों के एडमिशन प्रोसेस पर कोई आंच न आए और वे जल्द अपने कॉलेज में एडमिशन ले सकें।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बताया जा रहा है कि पिछले चार-पांच दिन से इनका पोर्टल काम नहीं कर रहा है और बच्चे लॉग इन नहीं कर पा रहे हैं। मेरे एक दोस्त ने मुझे बताया कि उनकी बेटी ने जब 40 बार कोशिश की, तब जाकर लॉग इन हो पाया। इनका पेमेंट गेटवे काम नहीं कर रहा है और इन्होंने जो भी स्कैनिंग की है, वह सारी ब्लर है। ये लोग देश को ऐसे 21वीं सदी का भारत बनाएंगे? इन लोगों को शर्म आनी चाहिए।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पंजाब न्यूज
Website : www.prathamnews.in

## संक्षिप्त न्यूज



### जसविंदर शेरगिल को कांग्रेस एससी बोर्ड के वाइस चेयरमैन बनने पर दिनेश बस्सी ने बधाई दी

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** – वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन दिनेश बस्सी ने यूथ कांग्रेस के समय से अपने पुराने साथी और पार्षद जसविंदर शेरगिल को कांग्रेस एस.सी. बोर्ड का वाइस चेयरमैन नियुक्त होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर दिनेश बस्सी ने उनका मुंह मीठा करवाकर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिनेश बस्सी ने कहा कि जसविंदर शेरगिल हमेशा से पार्टी के समर्पित, ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने यूथ कांग्रेस से लेकर आज तक हर मंच पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और लगन से काम किया है। बस्सी ने कहा कि पार्टी हाईकमान द्वारा उन्हें दी गई यह नई जिम्मेदारी उनकी लंबे समय की सेवा, निष्ठा और वफादारी का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जसविंदर शेरगिल जैसे मेहनती नेताओं को आगे लाना पार्टी के लिए मजबूती का संकेत है और इससे जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ता है। दिनेश बस्सी ने विश्वास जताया कि शेरगिल अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हुए लोगों और पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। इस खुशी के मौके पर नरेंद्र लव, राज, राजबीर, मंगा और सागर सहित कई सम्मानित साथी विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी साथियों ने जसविंदर शेरगिल को फूलों और मिठाई के साथ सम्मानित करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए दिल से बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### मेरा सपना है कि जीरा शहर चमके और नंबर एक बने : किरण जुनेजा

**ज़ीरा, 25 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – मेरा सपना है कि ज़ीरा शहर को रोशन करूं और इसे पंजाब का नंबर एक शहर बनाऊं। ये शब्द ज़ीरा में पत्रकारों से बात करते हुए वार्ड नंबर 7 से नगर कौशल ज़ीरा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही तरसेम जुनेजा उर्फ पप्पू (गोविंदा क्लॉथ हाउस) की पत्नी श्रीमती किरण जुनेजा ने कहे। उन्होंने कहा कि वह ज़ीरा शहर की स्वच्छता और विकास के लिए दिन-रात काम करेंगी! श्रीमती किरण जुनेजा ने यह भी कहा कि वह पार्षद बनने की महत्वाकांक्षा से चुनाव नहीं लड़ रही हैं, बल्कि ज़ीरा की जनता की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। श्रीमती किरण जुनेजा के पति तरसेम जुनेजा ने कहा कि उन्हें नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह जज का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। वह जनता की सेवा करने की अपनी इच्छा से स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जुनेजा परिवार वार्ड और ज़ीरा निवासियों को आश्वस्त करता है कि वे जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात उनकी सेवा में तत्पर रहेंगे। तरसेम जुनेजा ने आगे कहा कि शहर के विकास और यातायात की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। अंत में, तरसेम जुनेजा ने यह भी कहा कि यदि वार्ड निवासी उन्हें सेवा करने का अवसर देते हैं, तो वे वार्ड निवासियों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और जीरा के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।



### बिना बिल और रिकॉर्ड के प्रेगाबालिन और गैबापेंटिन कैप्सूल तथा एनाफोर्टिन इंजेक्शन की खरीद/बिक्री पर प्रतिबंध

**जालंधर, 25 मई ( ब्यूरो )**– पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जालंधर पुलिस आयुक्त कार्यालय ने अपने क्षेत्र में बिना लाइसेंस के प्रेगाबालिन कैप्सूल, गैबापेंटिन कैप्सूल और एनाफोर्टन इंजेक्शन रखने, अनुमत मात्रा से अधिक रखने/बेचने और बिना बिल एवं रिकॉर्ड के खरीदने/बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 26-05-2026 से 27-07-2026 तक प्रभावी रहेगा।

### बजरंग दल हिन्दुस्तान मे चल रहे भर्ती अभियान के तहत की गई नई नियुक्तियां : मनजीत, परमजीत

**होशियारपुर( तरसेम दीवाना )**– बजरंग दल हिन्दुस्तान की एक बैठक मोहल्ला दारापुर में हुई जिसमें बजरंग दल हिन्दुस्तान के चल रहे भर्ती अभियान के तहत नई नियुक्तियां की गईं। जिसमें दीपक कुमार उर्फ काका को जिला प्रधान होशियारपुर नियुक्त किया गया और लखवीर कुमार लक्की को जिला यूथ प्रधान, गौरव उर्फ लाली को गौ रक्षा विंग का जिला प्रधान नियुक्त किया गया। इस मौके राष्ट्रीय महासचिव मनजीत सिंह माहिलपुरी और राष्ट्रीय सीनियर उप-प्रधान परमजीत सिंह फौजी बूथगढ़ की तरफ से पहुंचे हुए बजरंगियों को पार्टी की नीति के बारे में जागरूक करवाया गया और युवाओं को नशों से दूर रहकर खेलों और समाज भलाई के कामों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद दीपक कुमार काका की तरफ से आए हुए बजरंगियों का धन्यवाद किया गया।

## बस्ती दानिशमंदा की मुख्य सड़क का निर्माण शुरू, 89 लाख की परियोजना से हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

**» प्रथम न्यूज । जालंधर**
**25 मई ( डोगरा )**

शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बस्ती दानिशमंदा क्षेत्र की मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस परियोजना का उद्घाटन पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत और जालंधर नगर निगम के मेयर विनीत धीर ने संयुक्त रूप से किया। करीब 89 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी सौगात साबित होगी।



कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि राज्य सरकार हर वार्ड और मोहल्ले में आधार भूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बस्ती दानिशमंदा के लोगों को लंबे समय से जर्जर सड़क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा किया जाए।

मेयर विनीत धीर ने बताया कि नगर निगम शहर में सड़कों, सीवरेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से न केवल इलाके की सूरत बदलेगी, बल्कि ट्रैफिक जाम और जलभराव जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी।

स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पंजाब सरकार और नगर निगम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है और क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर पार्षद मनीष कारलूपिया, एडवोकेट संदीप वर्मा, कमल लोच, गौरव जोशी, सौरभ सेठ सहित नगर निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अकाली दल को बड़ा झटका, पूर्व राज्यसभा सांसद राज महिंदर सिंह मजीठा आम आदमी पार्टी में शामिल





**» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़**
**25 मई ( पुनीत महाजन )**

पंजाब की राजनीति में आज उस समय बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला जब शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका देते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व विधायक राजमहिंदर सिंह मजीठा ने भगवंत मान की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राजमहिंदर सिंह मजीठा का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और पंजाब के विकास तथा जनहित की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए अनुभवी नेताओं का साथ मिलना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर पूर्व ऋझड्ढ कमिश्नर हेमइंदर सिंह मजीठा और सुखदीप सिंह मजीठा ने भी आम आदमी पार्टी में शामिल होकर पार्टी नेतृत्व पर विश्वास जताया।

कार्यक्रम के दौरान हल्का मजीठा के इंचार्ज तलबीर सिंह गिल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। राजमहिंदर सिंह मजीठा ने कहा कि वे पंजाब की तरक्की, पारदर्शी शासन और लोगों की भलाई के लिए आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे पूरी मजबूती से पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में विकास और ईमानदार राजनीति के एजेंडे को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है तथा प्रदेश के लोग अब पारंपरिक राजनीति से बदलाव चाहते हैं।

## मैक्स अस्पताल मोहाली में गॉल ब्लैडर की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई

**» प्रथम न्यूज । मोहाली**
**25 मई ( जगमीत घुम्मन )**

मैक्स अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने अंबाला निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति की गॉल ब्लैडर की एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की।

पेशेंट गंभीर पेट दर्द के साथ-साथ लिवर में रक्त की आपूर्ति को प्रभावित करने वाली एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे। पारस धीमान को तीन महीने पहले गॉलस्टोन्स और गॉल ब्लैडर के संक्रमण के साथ-साथ पोर्टल कैवरनोमा नामक एक दुर्लभ मेडिकल कंडीशन का पता चला था, जिसमें लिवर को रक्त की आपूर्ति करने वाली मुख्य नस अवरुद्ध हो जाती है और उसकी जगह कई नाजुक रक्त वाहिकाएं ले लेती हैं। इस स्थिति के कारण सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी, क्योंकि मामूली सी भी गड़बड़ी से गंभीर रक्तस्राव हो सकता था।




विस्तृत मूल्यांकन के बाद, मैक्स अस्पताल के जनरल सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक, एमएएमएस और जीआई सर्जरी, एचपीबी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन विभाग के निदेशक डॉ मनमोहन सिंह बेदी के नेतृत्व में एक टीम ने न्यूनतम इनवेसिव लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी का उपयोग करके सर्जरी करने का निर्णय लिया।

सर्जरी अत्यंत सटीकता और सावधानी के साथ की गई। टीम ने लिवर के आसपास की नाजुक रक्त वाहिकाओं का सावधानीपूर्वक ध्यान रखते हुए संक्रमित पित्ताशय को सफलतापूर्वक निकाल दिया।

सर्जरी के बाद, पेशेंट की सेहत में तेजी से सुधार हुआ और उसे अगले ही दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कुछ ही समय बाद वह अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आया।

डॉ बेदी ने कहा, पेशेंट की अंडरलाइंग वैस्कुलर कंडीशन के कारण यह एक अत्यंत जटिल मामला था। विस्तृत योजना और सटीक सर्जिकल प्रक्रिया के साथ, सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और पेशेंट की सेहत में तेजी से सुधार हुआ।

## आवारा कुत्तों पर आए सुप्रीम कोर्ट के सख्त फैसलों का स्वागत : सरबजीत लाटी

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** वार्ड नंबर 69 से पार्षद पति सरबजीत सिंह लाटी ने कहा कि निगम की तरफ से नसबंदी करने के दावों के उल्ट कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नसबंदी के बाद कई केसों में कुत्ते ज्यादा आक्रमक हुए दिखाई दिए हैं। वार्ड में कुत्तों के काटने की लगातार शिकायतें आ रही हैं। नसबंदी का काम लगातार चलना चाहिए और इसकी सही ढंग से मानिटरिंग जरूरी है। आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम वार्ड वाइज सिरे चढ़ाना चाहिए। इसमें रोस्टर बनाकर काम करने से ही इनकी तादाद पर नियंत्रण पाया जा सकता है।



सरबजीत सिंह लाटी ने कहा कि आम सड़कों या गलियों में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने पर पाबंदी लगाई गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को सख्त आदेश दिया है कि स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों जैसी अत्यधिक भीड़-भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम में रखा जाए और उन्हें वापस सड़कों पर न छोड़ा जाए। जो कुत्ते रेबीज से संक्रमित हैं या अत्यधिक हिंसक हैं, उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ा जाए। इन दिशा निर्देशों का स्वागत करते हुए कहा है कि आम जनता, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। देश की सबसे बड़ी अदालत का मानना है कि नागरिक विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को बिना किसी भय और आतंक के सुरक्षित जीवन जीने का पूरा मौलिक अधिकार है। आवारा कुत्तों की पाबंदी में लापरवाह अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई होनी चाहिए।

## देश विरोधी तत्वों पर सरकार ले सख्त फैसला : निशांत शर्मा

**सूबे में माहौल खराब करने की हो रही है साजिश को नाकाम करने के लिए शिव सेना हिन्द उतरेगी मैदान में**

**» प्रथम न्यूज । होशियारपुर**
**25 मई ( तरसेम दीवाना )**

शिव सेना हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशांत शर्मा ने अमृतसर (मजीठा) में पुलिस अधिकारी ऐ एस आद्य जोगा सिंह की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान की कड़े शब्दों में निंदा की है।



मीडिया से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष निशांत शर्मा ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि पर आतंकवाद, हिंसा और देश विरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान जैसे आतंकी संगठन ध्यान से सुन लें कि पंजाब पुलिस और देश की सुरक्षा एजेंसियां बहुत जल्द इनके पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म कर देंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस पहले भी बब्बर खालसा, भिंडरावाला टाइगर फोर्स, खालिस्तान मिलिटेंट फोर्स, लश्कर-ए-तैयबा जैसे कई बड़े-बड़े आतंकी संगठनों का आतंकवाद के काले दौर के दौरान पूरी तरह सफाया कर चुकी है। जब पंजाब पुलिस ने इतने खतरनाक आतंकवादी नेटवर्क खत्म कर दिए, तो यह संगठन किस खेत की मूली है। पंजाब पुलिस के बड़े-बड़े जांबाज अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां इनके पूरे नेटवर्क को जड़ से नष्ट कर देंगी। शिव सेना हिंद ने शहीद, स्ड्ढ जोगा सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पंजाब सरकार और केंद्र सरकार से मांग की कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए।

इस मौके पर उत्तर भारत के अध्यक्ष लखबीर वर्मा, पंजाब प्रधान एडवोकेट केतन शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव दीपांशु सूद, राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष खुशबीर तलाड़ी, धर्मगुरु रंजन शास्त्री, पंजाब यूथ प्रधान राहुल बंछंदा, एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भट्टी, आईटी विंग के प्रदेश अध्यक्ष करण अरोड़ा समेत शिरोमणि हिंद के कई बड़े नेताओं ने आज हुई बैठक में भाग लिया, जिस दौरान इस आतंकी घटना की कड़ी निंदा की गई।

नेताओं ने कहा कि बहुत जल्द शिरोमणि हिंद की तरफ से राष्ट्रीय स्तर की एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें देश और पंजाब की सुरक्षा को लेकर गंभीर चर्चा की जाएगी। यह बैठक कोर कमेटी के चेयरमैन रवि शर्मा और शिरोमणि हिंद के सिख संगत विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरकीरत सिंह खुरवाना की अगुवाई में होगी।

बैठक में आतंकवाद और देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ शिरोमणि हिंद की लड़ाई को और मजबूत तथा प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी, ताकि पंजाब और देश का माहौल खराब करने वाली ताकतों को करारा जवाब दिया जा सके।

## जिलाधीश ने अधिकारियों के साथ जिला ट्रेडर्स कमीशन की समस्याओं संबंधी की समीक्षा बैठक




**» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर**
**25 मई ( संदीप सन्नी )**

डिप्टी कमिश्नर गुरदासपुर आदित्य उप्पल ने जिला प्रशासकीय कॉम्प्लेक्स में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिला ट्रेडर्स कमीशन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए समीक्षा बैठक की। बैठक में एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज) सिमरनजीत सिंह ढिल्लों और ट्रेडर्स कमीशन के जिला प्रभारी चरणजीत सिंह पारोवाल सहित नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इन समस्याओं का हुआ समाधान~ बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि व्यापारियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है :

-**बिजली की समस्या** : गुरदासपुर के गीता भवन रोड स्थित %सन्नी फैशन हब% के पास लटकती बिजली की तारों की समस्या को संबंधित विभाग ने हल कर दिया है।

-**फतेहगढ़ चूड़ियां** : यहाँ पीने के पानी, सार्वजनिक पार्किंग और बिजली की ढीली तारों जैसी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

-**आवारा कुत्तों से निजात** : फतेहगढ़ चूड़ियां के निवासियों की शिकायत पर नगर काउंसिल द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें तैनात कर दी गई हैं।

**लंबित कार्यों पर चर्चा** : बैठक में सड़क मरम्मत, गंदे पानी की निकासी, सार्वजनिक शौचालय के निर्माण, स्वच्छता अभियान, बाजारों में अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट और पुलिस से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि शेष शिकायतों का निपटारा भी प्रक्रिया के अधीन है और जल्द ही इन्हें हल कर लिया जाएगा।

**प्रशासनिक निर्देश** : डिप्टी कमिश्नर ने सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करने और व्यापारियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं को समय पर हल करने के लिए हर सप्ताह यह समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है।

पोर्टल के माध्यम से निगरानी~ ट्रेडर्स कमीशन के जिला प्रभारी चरणजीत सिंह पारोवाल ने बताया कि व्यापारियों की शिकायतों को सरकार के पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है और उनके समाधान की निरंतर निगरानी की जा रही है।

इस अवसर पर सहायक कमिश्नर कुलदीप चंद, एस.डी.एम. आदित्य शर्मा (डेरा बाबा नानक), एस.डी.एम. सारंगप्रीत सिंह (बटाला), एस.डी.एम. नवजोत शर्मा (फतेहगढ़ चूड़िया), एस.डी.एम. रविंदर सिंह (दीनानगर), एस.पी. रमनदीप सिंह और विभिन्न हलकों के ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन उपस्थित थे।

## जालंधर में शिव सेना लॉयन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अरोड़ा जी एवं राष्ट्रीय चेयरपर्सन शैरी ठाकुर अरोड़ा जी ने महिला विंग को मजबूत करते हुए की नई नियुक्तियां : बंटी



**» प्रथम न्यूज । जालंधर**
**25 मई ( शिव कुमार )**

आज जालंधर में शिव सेना लॉयन की एक विशेष बैठक राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील कुमार बंटी एवं युवा पंजाब चेयरमैन सुनील अहीर की अगवाई में पीपीआर मॉल स्र्फ़ रेस्टोरेंट में आयोजित की गई! इस बैठक में जिला अध्यक्ष सुधीर अहीर, सिटी प्रधान दीपांशु, मुस्लिम विंग जिला प्रधान जेविल अली खान की विशेष रहनुमाई रही। वहीं विशेष तौर पर लुधियाना से शिव सेना लॉयन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित अरोड़ा जी, राष्ट्रीय चेयरपर्सन शैरी ठाकुर अरोड़ा जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवासी विंग मनीष वर्मा जी उपस्थित हुए! बैठक के दौरान महिला विंग को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय चेयरपर्सन शैरी ठाकुर अरोड़ा जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति जी, पंजाब उप प्रधान सोनिया जी एवं जिला प्रधान प्रियंका जी की अगवाई में महिला शक्ति का विस्तार किया गया। इस दौरान सुमन, चांदनी, गीता, मंजू एवं मानसी को शिव सेना लॉयन के महिला विंग में विधिवत रूप से शामिल किया गया और संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित अरोड़ा जी एवं राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील कुमार बंटी ने कहा कि पंजाब में लगातार हिंदू नेताओं को टारगेट किया जा रहा है और उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।



इसके बावजूद हिंदू नेताओं की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन हिंदू नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है, जिससे हिंदू समाज में भारी रोष पाया जा रहा है। अमित अरोड़ा और सुनील कुमार बंटी ने कहा कि शिव सेना लॉयन हमेशा हिंदू समाज की आवाज बनकर खड़ी रही है और आगे भी हिंदू हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि हिंदू नेताओं को तुरंत प्रभाव से पुख्ता सुरक्षा मुहैया करवाई जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके! बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त महिला सदस्यों का संगठन में स्वागत किया गया और उन्हें हिंदू समाज एवं महिला शक्ति को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

## सुखा सिंह भुल्लर का कहना है कि कांग्रेस पार्टी नगर परिषद चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी

**» प्रथम न्यूज । जीरा**
**25 मई ( अंग्रेज बराड )**

जीरा नगर परिषद के चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्व विधायक और जिला अध्यक्ष सरदार कुलबीर सिंह जीरा के नेतृत्व में पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस पार्टी इन नगर परिषद चुनावों में फिर से जीत हासिल करेगी। ये शब्द पूर्व क्राड्रेट सोसाइटी के अध्यक्ष शाह अबू बुकर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार सुखा सिंह भुल्लर ने जीरा में पत्रकारों से बातचीत में कहे। उन्होंने कहा कि युवा नेता सरदार कुलबीर सिंह जीरा अपने दिवंगत पिता इंदरजीत सिंह जीरा (पंजाब के पूर्व मंत्री) के पदचिन्हों पर चलकर



कांग्रेस पार्टी को दिन-प्रतिदिन मजबूत कर रहे हैं। जीरा परिवार के हर अमीर-गरीब परिवार के सुख-दुख में साथ देने के कारण जीरा परिवार न केवल जीरा बल्कि पूरे पंजाब के लोगों की जुबान पर है। सुखा सिंह भुल्लर ने आगे कहा कि कुलबीर सिंह जीरा आगामी 2027 विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे और अगली कांग्रेस सरकार में मंत्रिमंडल मंत्री बनेंगे! श्री भुल्लर ने यह भी कहा कि जीरा निर्वाचन क्षेत्र में अगर कोई विकास हुआ है, तो वह केवल पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही हुआ है। श्री सुखा सिंह भुल्लर ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान विधायक रहते हुए कुलबीर सिंह जीरा ने बड़ी मात्रा में अनुदान लाकर जीरा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों और शहरों का विकास करके उनका चेहरा बदल दिया था! इस अवसर पर सुखा सिंह भुल्लर के साथ पूर्व सरपंच जांगीर सिंह कटोरा, गुरप्रताप सिंह संधू, कुलदीप सिंह गिल, पूर्व सरपंच सुखेवाला, रशपाल सिंह संधू, पूर्व सरपंच मालू बडियान, पूर्व सरपंच जनक राज शर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

### निर्वाचन अधिकारी व उपमंडलाधिकारी नालागढ़ नरेंद्र आहलूवालिया ने ग्राम पंचायत रडियाली व पंचायत किरपालपुर स्थापित विभिन्न पोलिंग बूथों का किया औचक निरीक्षण



**नालागढ़ 26 मई ( गुरजीत सिंह )**- निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी नालागढ़ नरेंद्र अहलूवालिया ने 26 मई 2026 को पंचायती राज संस्थाओं के प्रथम चरण में होने वाले मतदान के दृष्टिगत सोमवार को ग्राम पंचायत रडियाली तथा ग्राम पंचायत किरपालपुर के अंतर्गत स्थापित विभिन्न पोलिंग बूथों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने स्थापित मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि मतदाता बिना किसी असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मतदान केंद्रों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रथम चरण के मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों पर पहुंचीं



**चंबा ( एएम नाथ )**- उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच चुकी हैं तथा मतदान केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कार्य प्रात: 7 बजे आरंभ होगा तथा दोपहर 3 बजे समाप्त होगा।

उपायुक्त ने बताया कि सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से सभी रिटर्निंग अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी औपचारिकताएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण हों।

साथ में उन्होंने यह भी बताया कि उपमंडल भरमौर तथा पांगी में मतदान प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी, जबकि जिले के अन्य उपमंडलों एवं विकास खंडों में मतदान का कार्य तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण के तहत 118 ग्राम पंचायतों के 676 वार्ड, दूसरे चरण के तहत 115 ग्राम पंचायतों के 650 वार्ड तथा तीसरे चरण के अंतर्गत 86 ग्राम पंचायतों के 650 वार्ड में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

उन्होंने समस्त मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा 26 मई, 28 मई एवं 30 मई को मतदान कर अपने लोकतांत्रिक दायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जनगणना कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का किया आग्रह

**शिमला, ( बी. शर्मा )**- निदेशक जनगणना निदेशालय, हिमाचल प्रदेश दीप शिखा शर्मा ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें जनगणना-2027 के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत करवाया।

निदेशक जनगणना ने बताया कि जनगणना दो चरणों में की जाएगी, जिसमें प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। हिमाचल प्रदेश में प्रथम चरण 16 जून से 15 जुलाई के बीच करवाया जाएगा तथा इस बार एक नई सुविधा 'स्व गणना' का विकल्प दिया गया है, जो कि स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर 1 जून से 15 जून, 2026 तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना डिजिटल मोड में की जाएगी, जिसमें प्रगणक और पर्यवेक्षक अपने मोबाइल का उपयोग कर सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्नों द्वारा हिमाचल के सभी मकानों एवं परिवारों की जानकारी को एकत्रित करेंगे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के हिमाच्छादित क्षेत्रों में द्वितीय चरण का कार्य 11 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2026 के मध्य एवं शेष क्षेत्रों 9 फरवरी, 2027 से 28 फरवरी, 2027 तक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना हमारे लोकतंत्र एवं विकास की रीढ़ है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस राष्ट्रीय महत्त्व के कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि यही आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।



# पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है सरकारः मुख्यमंत्री

## शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश का किया आग्रह

» प्रथम न्यूज । शिमला
25 मई ( बी.शर्मा )

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल देर सायं शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पर्यटन उद्योग को विकसित करना वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में है तथा इसे बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी अधोसंरचना विकसित होनी चाहिए जिससे यहां आने वाले पर्यटक कम से कम 8-10 दिन तक ठहराव करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हाई एंड पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों में हेलीपोर्ट निर्मित कर रही है। इस वर्ष जून तक पालमपुर, हमीरपुर, धर्मशाला और चम्बा हेलीपोर्ट में हवाई सेवाएं आरम्भ कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए रिकांगपिओ हेलीपोर्ट के लिए हवाई सेवाएं आरम्भ कर दी हैं। इससे एयर कनेक्टिविटी में सुधार आयेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय से शिमला में बड़े हेलीकॉप्टर की सेवाएं आरम्भ करने के बारे में भी अनुरोध किया है। परन्तु संजौली हेलीपोर्ट में हेलीकॉप्टर उतारने में दिक्कत आ रही है, इसलिए शिमला में ही अन्य स्थान पर भूमि का चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रदेश में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए सुरंग तथा रोपवे निर्माण पर भी बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिमला के अलावा धर्मशाला, मनाली तथा कसौली शहरों को भी नियोजित तरीके से विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कांगड़ा जिले को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाया है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 3500 करोड़ रुपये से भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है तथा इस वर्ष जून तक भूमि अधिग्रहण पूरा हो जाएगा। इसके पश्चात् कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर भुन्तर एयरपोर्ट के पास रहने वाले लोग जमीन दें तो सरकार इस एयरपोर्ट के विस्तार पर भी विचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि कुल्लू, मनाली तथा लाहौल-स्पीति के लिए इस एयरपोर्ट से पर्यटकों की सुविधा के लिए जोगिन्द्रनगर से भूभूजोत टनल बनाई जाएगी।



उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार टूरिज्म क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है तथा सरकार ने धर्मशाला के तपोवन में 5000 लोगों की क्षमता वाले 500 करोड़ रुपये के विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा कांगड़ा जिले में 600 करोड़ रुपये का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का चिड़ियाघर भी स्थापित किया जा रहा है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस वित्त वर्ष के दौरान नैना देवी, ज्वालाजी तथा चिंतपूर्णी शक्तिपीठों के विकास पर 300 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि शिमला के आईस स्केटिंग रिंक के पास की जमीन का अधिग्रहण किया जाए ताकि यहां अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर निर्मित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिमला के गौरवशाली वैभव को बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है तथा इसके सौंदर्यकरण के लिए शहर में अनेक परियोजनाएं आरम्भ की गई हैं। उन्होंने कहा कि बिजली तथा अन्य तारों को अंडरग्रांऊड यूटिलिटी डक्ट में बिछाया जा रहा है। शिमला के सर्कुलर रोड़ को चौड़ा करने के लिए सरकार द्वारा 150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं ताकि जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में टालैंड से आईजीएमसी तक 900 करोड़ रुपये की लागत से सुरंग का निर्माण किया जाएगा। शिमला में पानी की समस्या को खत्म करने के लिए प्रदेश सरकार ने सतलुज नदी से सुन्नी के पास से पानी उठाने की शुरूआत की है।

उन्होंने कहा कि सरकार होटल, वेलनेस सेंटर, वे-साइड एमनिटीज के निर्माण पर 3000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है और राज्य में स्पोर्टस टूरिज्म को भी बढ़ावा दे रही है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार मनाली में रिवर फ्रंट बना रही है तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी लगने के बाद प्रदेश सरकार को बद्दी-बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र से टैक्स के रूप में काफी नुक्सान हुआ है तथा केवल 150-200 करोड़ रुपये ही प्राप्त हो रहे है, जबकि इससे पूर्व टैक्स के रूप में 4000 करोड़ रुपये मिलते थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र इसकी भरपाई के लिए अहम भूमिका निभा सकता है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने निवेशकों से आग्रह किया कि वे पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने के लिए आगे आएं। सरकार उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम, महाधिवक्ता अनूप रतन, मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट, शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल वालिया तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हिमाचल के सरकारी स्कूलों को बनाया जाएगा देश में सर्वश्रेष्ठः मुख्यमंत्री

## सीबीएसई स्कूल छोटा शिमला के विद्यार्थियों के साथ किया संवाद



» प्रथम न्यूज । शिमला
25 मई ( बी.शर्मा )

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नव स्तरोन्त सीबीएसई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छोटा शिमला में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सहजता से उत्तर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक स्तर पर बदलाव किए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे यहां भाषण देने नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के साथ बातचीत करने आए हैं ताकि शिक्षा व्यवस्था की कमियों की पहचान कर उन्हें प्रभावी ढंग से दूर किया जा सके। वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों को देश के सर्वश्रेष्ठ स्कूल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है ताकि विद्यार्थियों को सरकारी संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। सरकारी स्कूलों के शिक्षक अत्यंत सक्षम, मेहनती होते हैं और उनकी नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम होती है।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने सीबीएसई प्रणाली से लेकर मुख्यमंत्री के निजी अनुभवों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। छात्र आरव ठाकुर ने उनके स्कूली दिनों के पसंदीदा खेल के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेते थे और हॉकी, क्रिकेट तथा हैंडबॉल खेलते थे। उन्होंने कहा कि वे हैंडबॉल टीम के कप्तान भी रहे हैं और उन्हें ट्रैकिंग का भी शौक रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी पहली ट्रैकिंग यात्रा टापरी से रिकांगपिओ तक थी।

स्कूल के विद्यार्थी ने बताया कि वर्तमान में भौतिकी विज्ञान विषय के शिक्षक नहीं हैं और राजनीति विज्ञान के भी केवल एक ही शिक्षक हैं। विद्यार्थी ने रिक्त पदों को भरने का आग्रह किया। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्कूल सीबीएसई संस्थान बना है और अब इस वर्ष 30 जून से पहले सभी रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थियों को सीबीएसई पाठयक्रम के तहत अधिक विषयों का विकल्प मिलेगा।

कक्षा 12 के छात्र दिव्यांश ने पूछा कि वर्तमान में, जब विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर रहे हैं, तब अंक महत्वपूर्ण हैं या कौशल! मुख्यमंत्री ने कहा कि अंक महत्त्वपूर्ण हैं, लेकिन विद्यार्थियों को इसके साथ-साथ कुशल और सक्षम व्यक्ति भी बनना चाहिए।

राज्य सरकार के नशा-निवारण अभियान में युवाओं की भूमिका के महत्त्व के बारे में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा-निवारण अभियान में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। नशे के सरगना पहले युवाओं को नशे का आदी बनाते हैं और बाद में उन्हें तस्करी के काम में शामिल कर लेते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें और इस बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि 5 जून को शिमला में एंटी-चिट्टा रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया।

कक्षा 7 की छात्रा राधा ने मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचने की उनकी जीवन यात्रा के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब वे कक्षा 10 में थे, तब उनके स्कूल में हड़ताल हुई थी, जिसके बाद वे 17 वर्ष की आयु में कक्षा प्रतिनिधि बने। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कानून की पढ़ाई के दौरान वे विभागीय प्रतिनिधि बने। इसके उपरान्त वे नगर निगम शिमला में पार्षद रहे तथा एनएसयूआई और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर भी कार्य किया। संस्मरणों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके भाई और बहन नौकरी पेशा थे, इसलिए उनके माता-पिता अक्सर उन्हें राजनीति छोड़कर नौकरी करने की सलाह देते थे। उन्होंने बताया कि आरम्भ में उनकी इच्छा शिमला से चुनाव लड़ने की थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण उन्हें नादौन विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिला।

विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, समर्पण और संघर्ष करने की भावना का होना अत्यंत आवश्यक हैं। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने वाला व्यक्ति ही सफलता हासिल कर सकता है।

इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, सचिव शिक्षा राकेश कंवर, स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, विद्यालय स्टाफ के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# युवाओं को नशे से बचाना सामूहिक जिम्मेदारी : उपायुक्त

## समाज में नशे के कारोबार और इससे जुड़े तत्वों के लिए कोई स्थान नहीं : मुकेश रेपसवाल

» प्रथम न्यूज । चम्बा
25 मई ( एएम नाथ )

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में नार्को समन्वय समिति की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले में नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों की रोकथाम तथा उनकी धरपकड़ हेतु कार्यतंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में, विशेष रूप से स्कूलों और कॉलेजों में चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने युवाओं में तम्बाकू जैसे खैनी आदि के बढ़ते सेवन पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश में तम्बाकू उत्पादों जैसे गुटखा, खैनी आदि के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है तथा ऐसे उत्पादों के साथ पकड़े जाने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने शिक्षा विभाग को विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने, उचित स्थानों पर नशा शिकायत पेटियां स्थापित करने तथा समय-समय पर परामर्श (काउंसलिंग) सत्र आयोजित करने के लिए विशेष नोडल अध्यापकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने साथ ही पुलिस विभाग को निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने हिमाचल पथ परिवहन के अधिकारियों को बस अड्डों पर डिजिटल स्क्रीन स्थापित कर नशा मुक्ति और नशे के दुश प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए साथ ही नशे की तस्करी रोकने हेतु विशेष रूट्स पर परिवहन की बसों में कैमरे स्थापित करवाने को भी कहा।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में संचालित स्नूकर क्लबों आदि का नियमानुसार नजदीकी पुलिस स्टेशन में पंजीकरण करवाना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित संस्थानों की गतिविधियों की निगरानी एवं नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण एवं जांच की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज में नशे के कारोबार और इससे जुड़े तत्वों के लिए कोई स्थान नहीं है। नशे की तस्करी, बिक्री अथवा इसके प्रसार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा ऐसे अवैध गतिविधियों पर पूरी कठोरता के साथ अंकुश लगाया जाएगा।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय सिंह सकलानी ने बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए बताया कि जिले में नशा विरोधी अभियान के तहत एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत वर्ष 2026 में अब तक 43 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा कुल 15.578 किलोग्राम चरस, 371.64 ग्राम चिट्टा/ हीरोइन तथा 2.169 किलोग्राम पॉपी प्लांट बरामद की गई है। इन मामलों में कुल 64 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 44 आरोपित हिमाचल से व 20 बाहरी राज्यों से हैं।

उन्होंने बताया कि एनडीपीएस मामलों में संलिप्त 5 सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, जिनमें से 2 को निलंबित, 1 सेवानिवृत्त तथा 2 को सेवा से बर्खास्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक दर्ज मामलों में से 33 मामलों की जांच जारी है, जबकि 10 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा चौकसी बढ़ा दी गई है व नशे एवं नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।




# बरसात के मौसम के लिए तैयारी बारे जिला मुख्यालय चंबा में बैठक आयोजित


» प्रथम न्यूज । चम्बा
25 मई ( एएम नाथ )

बरसात के मौसम के दौरान संभावित आपदा के खतरे से संबंधित तैयारियों बारे जिला मुख्यालय चंबा में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी वर्षा ऋतु के दौरान संभावित खतरे व आपदाओं से बचाव बारे विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विधुत विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा जिला के जल विद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आगामी वर्षा ऋतु के दौरान संभावित खतरे तथा आपदाओं से बचाव रोकथाम के लिए किए गए सुरक्षात्मक उपायों की विस्तृत समीक्षा गई। बैठक में उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहरों कस्बों तथा अन्य स्थानों पर जल निकासी प्रणाली की साफ सफाई आगामी मानसून आरंभ होने से पूर्व सुनिश्चित करें ताकि वर्षा ऋतु के दौरान ब्लॉकेज इत्यादि के कारण कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल पाइपों को सीवरेज प्रणाली से पर्याप्त दूरी पर रखें ताकि बरसात में पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान जिला में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने के अतिरिक्त मरीजों के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों का मुरमत व रखरखाव का कार्य भी सुनिश्चित की करें।



उपायुक्त में कहा कि गत वर्ष के मानसून सीजन के दौरान आई आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए गए प्रयासों में और अधिक सुधार करने की आवश्यकता है तथा इसके लिए संबंधित विभागों को यदि किसी प्रकार की आवश्यकता है तो वे जिला प्रशासन को यथाशीघ्र अवगत करवाएं। उन्होंने कृषि, पशुपालन तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपदा के दौरान किसानों व बागवानों को होने वाले नुकसान की जानकारी पूर्ण विवरण सहित यथाशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावित लोगों को न्यूनतम समय अवधि में राहत प्रदान की जा सके। उपायुक्त सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक तहसील स्तर पर एक-दो सुविधा युक्त राहत शिविर स्थल चिन्हित करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका तुरंत इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने आपदा की स्थिति के लिए दूरसंचार कंपनियों को दूरसंचार की वैकल्पिक व्यवस्था करने, लोक निर्माण विभाग को प्रमुख सड़क मार्गों पर निरंतर यातायात जारी रखने के लिए पर्याप्त मशीनरी तैयार रखने तथा जल शक्ति विभाग को आपदा की स्थिति में टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाने बारे भी निर्देशित किया।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज
Website : www.prathamnews.in



संक्षिप्त न्यूज

## माता बाला सुंदरी स्थापना दिवस पर भव्य जागरण का आयोजन

**इस्माईलाबाद ( सुनील कोमल )** नया मंदिर में माता बाला सुंदरी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य जागरण बड़े श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता रानी की सच्चे मन से की गई भक्ति जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मां का दरबार भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाला है तथा प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलते हुए समाज में भाईचारे का संदेश देना चाहिए। उनके ओजस्वी प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

जागरण के दौरान भजन गायक वेद सैनी ने माता रानी के सुंदर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। 卐मेरी नैया पार लगा देना मां卐 और 卐चलो बुलावा आया है卐 जैसे भजनों पर श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ झूम उठे। देर रात तक माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा और पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा नजर आया।

मंदिर की आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर सेवा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर के पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि मां बाला सुंदरी के जागरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और मंदिर कमेटी के सहयोग से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर करुणानंद जी,मंदिर कमेटी के सदस्य, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खाद्य आपूर्ति विभाग ने घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए 161 जगहों पर की रेड, 92 सिलेंडर किए बरामद

**कुरुक्षेत्र, 25 मई ( बृज मोहन )** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से सब डिविजन के अनुसार सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने अब तक 161 जगहों पर रेड की है और 92 सिलेंडर भी जब्त किए है। इस विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

जमाखोरी करने वालो पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय द्वारा एलपीजी से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 01744-294418 जारी किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए और किसी भी स्तर पर बाधा नहीं आने दी जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें।

## मेयर सौरव जोशी ने सुनी सफाई कर्मचारियों की समस्याएं

**चंडीगढ़, 25 मई ( पुनीत महाजन )** - नगर निगम कर्मचारियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए शहर के मेयर सौरव जोशी ने सफाई कर्मचारियों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ एक विस्तृत बैठक की। बैठक में प्रमुख रूप से राजेश कालिया एवं विनोद उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। मेयर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निवारण पर जोर दिया।

मेयर ने कहा कि नगर निगम अपने कर्मचारियों के कल्याण, सम्मान और बेहतर कार्य वातावरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके हितों की रक्षा निगम की प्राथमिकता है।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी पक्षों ने कर्मचारियों के हित और शहर के बेहतर प्रशासन के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



# पुलिस भर्ती पीएमटी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने स्वयं पहुंचे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री ने ताऊ देवी लाल स्टेडियम में पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों से की मुलाकात, बढ़ाया मनोबल, मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खासे उत्साहित नजर आए अभ्यर्थी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
25 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में पुलिस भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) में शामिल अभ्यर्थियों से मुलाकात कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ताऊ देवी लाल स्टेडियम में पुलिस कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक माप परीक्षण आयोजित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने परीक्षा में भाग ले रहे अभ्यर्थियों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभ्यर्थियों से प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।





उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं का जायजा लेने और अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से वे स्वयं स्टेडियम पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी पीएमटी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं अभ्यर्थी-अनुकूल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों से भी मुलाकात की और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अभ्यर्थी खासे उत्साहित नजर आये। कई अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने भी आत्मीयता से उनका अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी लेने और उनका उत्साहवर्धन करने की सराहना की। उन्होंने इसे संवेदनशील एवं प्रेरणादायक पहल बताया।

ताऊ देवी लाल स्टेडियम में प्रतिदिन लगभग 3 हजार अभ्यर्थियों की शारीरिक माप परीक्षण का आयोजन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर विश्राम क्षेत्र बनाया गया है, जहां बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बैगेज जमा कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा, पुलिस उपायुक्त श्रीमती सृष्टि गुप्ता, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य, अभ्यर्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद की शिक्षाएं-सेवा, समरसता और मानव कल्याण का दिखाती है मार्ग : हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण

### हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने मुंदड़ी गांव स्थित गुरू ब्रह्मानंद आश्रम में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में की शिरकत

» प्रथम न्यूज । कैथल
25 मई ( कृष्ण गर्ग )

हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज की शिक्षाएं-सेवा, समरसता और मानव कल्याण का मार्ग दिखाती हैं। ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज को सकारात्मक दिशा और ऊर्जा मिलती है। इस तरह के आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति के मूल्यों को मजबूत करते हैं।

हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण सोमवार को मुंदड़ी गांव स्थित गुरू ब्रह्मानंद आश्रम में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने आश्रम में गुरू ब्रह्मानंद जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की तथा हवन यज्ञ में आहुति डाली। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सभी संत जनों, देवी माताओं को नमन करते हुए कहा कि आज हम इस पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। परम सौभाग्य से गुरूजी के आशीर्वाद से इन कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलता है और गुरू जी का मार्गदर्शन मिलता है। हम सभी को गुरूजी के दिखाए हुए मार्गदर्शन पर चलना चाहिए। उनकी सीख अनुसार ही हमें अपने परिवारों को चलाना चाहिए। इससे बच्चों में अच्छे संस्कार आते हैं और हमारा भविष्य सुरक्षित व समृद्ध बनता है। आने वाले समय में ये बच्चे समाज को मजबूत करने का कार्य करेंगे और समाज के अंदर अच्छा योगदान देंगें। गुरू जी के विचार समाज के लिए थे, शिक्षा के लिए थे, बेटियों की शिक्षा के लिए थे, पर्यावरण को बचाने के लिए थे। गुरू जी की ये सभी सीख अपने जीवन में हम सभी को उतारनी है, तभी हमार जीवन सफल होगा। हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हम जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज के अनुयायी है। धर्म के कार्य हमें बढ़चढ़ कर करना है, संतों का मार्ग दर्शन लेना है और सच्चाई के मार्ग पर चलें, ताकि हमारे बच्चे भी अच्छे इंसान बने।





इस अवसर पर महंत कृष्णानंद जी, संत रत्तना देवी, संत मां दर्शना देवी, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, सरपंच शशि, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, शिव कुमार, कृष्ण, शमशेर, ईश्वर, सतबीर, रामफल, जिला प्रशासन की ओर से जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, एसईपीओ अनुराग तथा समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## पंचकूला के विकास को नई पहचान देने वाले नेता हैं ज्ञान चंद गुप्ता : दीवान हेमंत किंगरा



» प्रथम न्यूज । पंचकूला
25 मई ( पुनीत महाजन )

हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान चंद गुप्ता को उनके जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ता एवं पंजाबी एकता मंच के संस्थापक सदस्य दीवान हेमंत किंगरा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

दीवान हेमंत किंगरा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और विजन में पंचकूला ने अभूतपूर्व विकास देखा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और वर्ष 2014 के बाद के पंचकूला में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि पिछले दो कार्यकालों में लगभग 5500 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं और इन सभी कार्यों की सूची जनता के सामने पहले भी जारी की गई थी तथा आवश्यकता पड़ने पर दोबारा भी जारी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पंचकूला को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने और इसके समग्र विकास के लिए उन्होंने 7 सरोकार प्रस्तुत किए थे, जिनका उद्देश्य पंचकूला को आदर्श, स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित जिला बनाना था। उन्होंने कहा कि इन संकल्पों को लेकर काफी सफलता मिली है और आगे भी विकास की गति निरंतर जारी रहेगी।

ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य पंचकूला को विकसित जिला बनाना है तथा उनके दरवाजे पहले की तरह हर वर्ग के लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 7 सरोकार के अंतर्गत विशेष रूप से नशा मुक्त पंचकूला अभियान को मजबूती से चलाया गया, जिसमें नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी किया गया।

### ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा प्रस्तुत 7 सरोकार इस प्रकार हैं

1. नशा मुक्त पंचकूला – नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करना।
2. शिक्षा का हब – युवाओं के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा का वातावरण तैयार करना।
3. रोजगार के अवसर – स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना।
4. पंचकूला का चहुंमुखी विकास – सड़क, सीवरेज, पानी एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को बढ़ावा देना।
5. स्वास्थ्य सेवाएं – नागरिकों को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना।
6. पर्यावरण संरक्षण – शहर को हरा-भरा, स्लम फ्री तथा आवारा पशु एवं कुत्तों से मुक्त बनाना।
7. खेल और संस्कृति – युवाओं को खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना।

ज्ञान चंद गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी सरकार के पास पर्याप्त धन नहीं है। इस अवसर पर दीवान हेमंत किंगरा ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंचकूला लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और आने वाले समय में यह जिला पूरे देश के लिए उदाहरण बनेगा।

## नशीली गोलियां सप्लाई करने के मामले में एंटी नारकोटिक सैल द्वारा सप्लायर काबू

**कैथल, 25 मई ( कृष्ण गर्ग )**- नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत 780 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामदगी मामले में त्वरित कार्रवाई दौरान एंटी नारकोटिक सैल द्वारा सप्लायर को भी काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 मई की रात एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई जसमेर सिंह की टीम को द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर बलराज नगर से प्योदा चुंगी रोड़ पर नाकाबंदी की गई। जहां बाइक पर आए आरोपी विनोद कुमार निवासी पीलनी काबू किया गया था, जिसके कब्जे से 78 पत्तो में कुल अल्प्राजोलम नामक 780 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुई थी।

जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज करके आगामी जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान द्वारा करते हुए गोलियां सप्लाई करने वाले आरोपी पंत नगर कैथल निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी विनोद से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ था की उसको यह नशीली गोलियां रोहित उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी रोहित के कब्जे 2 हजार रुपए ड्रगमनी बरामद की गई।

आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा : अनिल कुमार दून

**पिहोवा, 25 मई ( मुकेश डोलिया )** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।



एसडीएम अनिल कुमार दून सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनिल कुमार दून ने समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 35 शिकायतों को सुना और जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष शिकायतों के समाधान के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए दिशा निर्देश दिए है।

एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हर सोमवार और वीरवार कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी और पेंशन से संबंधित जो शिकायतें आ रही है, उनका तय समय सीमा के अंदर समाधान करें तथा शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर जरुर लें ताकि उससे संपर्क किया जा सके। इसके अलावा आमजन को पोर्टल से संबंधित जानकारी भी दे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। इन शिविरों को लगाने का उद्देश्य है कि आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे किया जाए, क्योंकि सभी अधिकारी एक साथ उपस्थित रहते है और समस्या का समाधान पल भर में हो जाता है। इस मौके पर उपमंडल पिहोवा के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगाई जा रही है एचपीवी वैक्सीन : डा. मंजू शर्मा

### -पीएचसी टाटका और खेड़ी दाबदलान में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच व एचपीवी वैक्सीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
25 मई ( बृज मोहन )

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि सरकार ने सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने को लेकर एचपीवी वैक्सीन का अभियान चलाया हुआ है। आयुष विभाग अपने कार्यक्रमों के दौरान एचपीवी वैक्सीन को लेकर नागरिकों को लगातार जागरूक कर रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने की सलाह दी। जिला कुरुक्षेत्र में पीएचसी टाटका द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल, गांव कसीथल एवं रामपुरा में 14 वर्ष की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। डॉक्टर द्वारा बच्चों को दिनचर्या के महत्व के बारे में भी बताया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

गांव खेड़ी दाबदलान (आंगनवाड़ी) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एएमओ डॉ. सपना द्वारा उपस्थित लोगों को दिनचर्या एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। फार्मासिस्ट पूनम द्वारा आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। योग सहायक प्रदीप कुमार द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया, जिससे विशेष रूप से गर्मी एवं लू से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर में एचपीवी वैक्सीनेशन एवं ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन के बारे में भी जागरूक किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 87 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।




शिविर के दौरान सभी बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नियमित योग अभ्यास को अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया। महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार एवं हरियाणा योग आयोग के तालमेल से तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ. मंजू शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रेरणा वृद्ध आश्रम में आयोजित 6 दिवसीय योग शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

समापन अवसर पर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बुजुर्गों को आयुर्वेदिक परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। योग विशेषज्ञ मनजीत तथा योग सहायकों हरदीप सिंह, रोहतास कुमार एवं डिंपल रानी द्वारा सभी बुजुर्गों को सरल एवं प्रभावी योग अभ्यास करवाए गए।

आज का
# संपादकीय

## पवित्र अमरनाथ यात्रा का महत्व और बर्फ की शिवलिंग का रहस्य



आषाढ़ पूर्णिमा से शुरू होकर रक्षाबंधन तक पूरे सावन महीने में पवित्र हिमलिंग दर्शन के लिए श्रद्धालु यहां आते हैं।

अमरनाथ गुफा श्रीनगर से 141 किलोमीटर दूर 3888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. अमरनाथ की गुफा की लंबाई 19 मीटर, चौड़ाई 16 मीटर व ऊंचाई 11 मीटर है।

गुफा में ऊपर से बर्फ के पानी की बूंदें टपकती रहती हैं। यहीं पर ऐसी जगह है, जहां टपकने वाली हिम बूंदों से करीब आठ से दस फीट ऊंचा शिवलिंग बनता है।

कहा जाता है कि चंद्रमा के घटने-बढ़ने के साथ-साथ इस शिवलिंग का आकार भी घटता बढ़ता जाता है। अमरनाथ का शिवलिंग ठोस बर्फ से निर्मित होता है जबकि जिस गुफा में ये शिवलिंग मौजूद है ,वहां बर्फ हिमकण के रूप में होती है।

अमरनाथ की ही गुफा में भगवान शिव ने अमरत्व का रहस्य बताया था। कहा जाता है कि जब भगवान शिव माता पार्वती को कथा सुनाने ले जा रहे थे तो उन्होंने छोटो-छोटे नागों को अनंत नाग में, कपाल के चन्दन को चंदनबाड़ी में, पिस्सुओं को पिस्सू टाप पर तथा शेषनाग को शेषनाग पर छोड़ दिया। ये स्थल अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रा में आते हैं।

अमरनाथ गुफा से लगभग 96 किलोमीटर पर स्थित पहलगाम पहली ऐसी जगह है जहां भगवान शिव ने रुक कर आराम किया था। उन्होंने अपने बैल नंदी को भी इसी जगह छोड़ दिया था।

इसके बाद शेषनाग झील पर पहुंचकर उन्होंने अपने गले से सांपों को भी उतार दिया था। गणेश जी को उन्होंने महागुणस पहाड़ पर छोड़ दिया था। इसके बाद पंचतरणी नाम की जगह पहुंच कर पांचों तत्वों का भी त्याग कर दिया था।

माना जाता है कि जब भगवान शिव ने पार्वती को अमरता का मंत्र सुनाया था उस समय गुफा में उन दोनों के अलावा सिर्फ कबूतरों का एक जोड़ा मौजूद था। कथा सुनने के बाद कबूतर का जोड़ा अमर हो गया था। आज भी अमरनाथ गुफा में ये कबूतर का जोड़ा दिखाई देता है।

अमरनाथ यात्रा के लिए दो रास्ते हैं. एक पहलगाम से और दूसरा सोनमर्ग बलटाल से। बलटाल का रास्ता दुर्गम है। सरकार पहलगाम से ही अमरनाथ जाने का निर्देश देती है।



**शशि पाल**
प्रवक्ता इतिहास

## सादा जीवन उच्च विचार : मानव का आधार

मानव जीवन की सच्ची सफलता धन, पद और बाहरी चमक-दमक से नहीं मापी जाती। असली मापदंड यह है कि व्यक्ति भीतर से कितना शुद्ध, ईमानदार और ऊँचा सोचने वाला है। हमारे संतों, महापुरुषों और चिंतकों ने इसी सत्य को समझकर कहा है कि सादा जीवन उच्च विचार ही मानव जीवन का आधार है। यह केवल कहने की बात नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण पद्धति है। सादगी बाहरी जीवन को संतुलित रखती है और उच्च विचार भीतर की आत्मा को दिशा देते हैं। जब दोनों का मेल होता है तभी मनुष्य सच्चे अर्थों में मनुष्य कहलाता है।

सादा जीवन का अर्थ गरीबी या अभाव नहीं है। इसका अर्थ है अनावश्यक इच्छाओं पर नियंत्रण रखना, दिखावे से दूर रहना और अपनी जरूरतों को सीमित रखना। जो व्यक्ति कम में संतुष्ट रहना सीख जाता है वही वास्तव में धनवान है। सादा जीवन मन को शांत और स्थिर रखता है। जब घर में सजावट सीमित हो, भोजन में सादगी हो, पहनावे में दिखावा न हो, तो मन इधर-उधर नहीं भटकता। समय, ऊर्जा और धन व्यर्थ की चीजों में नष्ट नहीं होते। महात्मा गांधी इसका सबसे बड़ा उदाहरण थे। वे खादी पहनते थे, जमीन पर सोते थे और सादा भोजन करते थे। लेकिन उनके विचार इतने ऊँचे थे कि पूरी दुनिया ने उनके सामने सिर झुकाया। आज के समय में उपभोक्तावाद ने लोगों को वस्तुओं का गुलाम बना दिया है। नया फोन, बड़ी गाड़ी, ब्रांडेड कपड़े इनके पीछे भागते-भागते व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है। सादा जीवन इस दौड़ से बाहर निकालकर व्यक्ति को अपने अंदर झाँकने का अवसर देता है।



**नरेन्द्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार

उच्च विचार का अर्थ सोच का दायरा बड़ा होना है। स्वार्थ, ईर्ष्या, घृणा और छोटे-छोटे फायदे की सोच से ऊपर उठकर समाज, देश और मानवता के बारे में सोचना ही उच्च विचार है। उच्च विचार वाला व्यक्ति दूसरों की मदद में सुख पाता है। वह सच बोलता है, मेहनत पर भरोसा करता है और कठिनाइयों में भी धैर्य नहीं खोता। स्वामी विवेकानंद, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, मदर टेरेसा जैसे लोगों का जीवन सादा था, पर उनके विचार इतने ऊँचे थे कि उन्होंने लाखों लोगों को प्रेरणा दी। उच्च विचार के बिना सादगी भी निष्प्राण हो जाती है। कोई व्यक्ति जंगल में जाकर सादा रह सकता है, लेकिन यदि उसकी सोच संकीर्ण है तो वह समाज के लिए अनुपयोगी रहता है। उच्च विचार ही सादगी को अर्थ और दिशा देते हैं।

सादा जीवन और उच्च विचार एक-दूसरे के पूरक हैं। सादा जीवन बाहरी अनुशासन देता है और उच्च विचार आंतरिक बल प्रदान करते हैं। जब जीवन में दिखावा और विलासिता बढ़ जाती है तो मन भौतिक चीजों में उलझ जाता है। ऊँची सोच के लिए मन का खाली और शांत होना जरूरी है। जैसे साफ दर्पण में ही स्पष्ट प्रतिबिंब दिखता है, वैसे ही सादा जीवन में ही उच्च विचार पनपते हैं। दूसरी ओर केवल सादा रहकर भी यदि व्यक्ति की सोच छोटी रहे तो वह जीवन का उद्देश्य नहीं समझ पाता। इसलिए दोनों का संतुलन जरूरी है। यही संतुलन मनुष्य को लोभ, क्रोध और मोह से बचाता है और उसे सच्चे सुख की ओर ले जाता है।

आज का युग प्रतिस्पर्धा, तनाव और मानसिक अशांति का युग है। सोशल मीडिया ने दिखावे को बढ़ावा दिया है। लोग जो नहीं हैं वह दिखाने की कोशिश में लगे हैं। इसका परिणाम कर्ज, अवसाद और रिश्तों में दरार के रूप में सामने आता है। ऐसे समय में सादा जीवन उच्च विचार का सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। विद्यार्थी के लिए इसका अर्थ है मोबाइल और सोशल मीडिया का सीमित उपयोग और पढ़ाई व कौशल पर ध्यान देना। गृहस्थ के लिए इसका अर्थ है परिवार के साथ समय बिताना, अनावश्यक खर्च रोकना और बच्चों को नैतिक शिक्षा देना। नेता और अधिकारी के लिए इसका अर्थ है सादगी से रहना और जनसेवा को सर्वोपरि रखना। जो देश और समाज इस सिद्धांत को अपनाते हैं वे स्थायी प्रगति करते हैं। जापान और फिनलैंड जैसे देश इसका उदाहरण हैं जहाँ सादगी और शिक्षा को सर्वोच्च स्थान मिला है।

इस मार्ग पर चलना कठिन नहीं है, बस संकल्प और अभ्यास चाहिए। जरूरत और इच्छा में अंतर समझना जरूरी है। जो वास्तव में जरूरी है वही अपनाना चाहिए। समय का सदुपयोग करना भी महत्वपूर्ण है। मोबाइल और टीवी पर बिताए समय को पढ़ाई, व्यायाम या परिवार के साथ बिताया जाए तो जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। सेवा का भाव अपनाने से सोच का दायरा बढ़ता है। सप्ताह में कुछ समय समाज के लिए देना व्यक्ति को अपने से बड़ा सोचने की प्रेरणा देता है। अच्छी किताबें पढ़ना भी मन को ऊँचा उठाता है। महापुरुषों की जीवनी और नैतिक साहित्य सोच को दिशा देते हैं। सबसे बड़ी बात संतोष का अभ्यास है। जो मिला है उसके लिए कृतज्ञ रहना सीखने से असंतोष और अशांति दूर होती है।

जो व्यक्ति इस सिद्धांत को अपनाता है उसे जीवन में अनेक लाभ मिलते हैं। मानसिक शांति बढ़ती है और तनाव कम होता है। खर्च कम होने से आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है। अहंकार घटने से रिश्ते मधुर होते हैं। समाज में सम्मान बढ़ता है क्योंकि लोग सच्चाई और सेवा को पहचानते हैं। सबसे बड़ा लाभ आत्म-संतुष्टि है, क्योंकि व्यक्ति को अपने जीवन का उद्देश्य स्पष्ट दिखने लगता है।

सादा जीवन उच्च विचार केवल एक आदर्श वाक्य नहीं है, यह जीवन को सार्थक बनाने का सूत्र है। भौतिक सुख क्षणिक होते हैं, लेकिन ऊँचे विचार और सादा जीवन व्यक्ति को स्थायी सुख देते हैं। अगर हर व्यक्ति अपने जीवन में थोड़ी सादगी और थोड़ी ऊँची सोच लाए तो न केवल उसका अपना जीवन बदलेगा बल्कि समाज और देश भी बदलेंगे। यही मानवता का सच्चा आधार है। बाहर से जितने सरल रहोगे भीतर से उतने ही मजबूत बनोगे। और भीतर जितने ऊँचे सोचोगे बाहर का जीवन उतना ही सुंदर बनेगा।

यह सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सदियों पहले था। जीवन की भागदौड़ में जब मन थक जाए, तब यह याद रखना चाहिए कि शांति और सम्मान बाहर की चीजों में नहीं, भीतर की सादगी और ऊँची सोच में बसते हैं।

## कर्नाटक मॉडल से हिमाचल की सड़क क्रांति पहाड़ी विकास की नई राह

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह हिमाचल प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री का हालिया कर्नाटक दौरा केवल एक औपचारिक राजनीतिक यात्रा नहीं था, बल्कि यह हिमाचल प्रदेश के भविष्य के सड़क और शहरी विकास मॉडल को नई दिशा देने की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री,डीके शिवकुमार,कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठकों में सड़क निर्माण, सड़क सुदृढ़ीकरण, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, डिजिटल शहरी प्रशासन और टिकाऊ बुनियादी ढांचे पर विस्तृत चर्चा हुई।

विशेष रूप से सड़क निर्माण और रखरखाव में उपयोग की जा रही नवीनतम तकनीकों ने हिमाचल सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश को सड़क निर्माण में भौगोलिक, पर्यावरणीय और जलवायु संबंधी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कर्नाटक जैसे तकनीकी रूप से उन्नत राज्य के मॉडल का अध्ययन भविष्य में हिमाचल की सड़क व्यवस्था को मजबूत बनाने में अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता है।

हिमाचल प्रदेश भारत के उन राज्यों में शामिल है जहां सड़क परिवहन जीवनरेखा का कार्य करता है। राज्य की लगभग पूरी अर्थव्यवस्था-पर्यटन, बागवानी, कृषि, व्यापार और ग्रामीण संपर्क-सड़क नेटवर्क पर निर्भर करती है। पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां रेल और हवाई परिवहन सीमित है, इसलिए सड़कें ही लोगों की आवाजाही और आर्थिक गतिविधियों का मुख्य आधार हैं।

हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई लगभग 2592 किलोमीटर है। इनमें से लगभग 1238 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है, जबकि 785 किलोमीटर सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लगभग 569 किलोमीटर सड़कें सीमा सड़क संगठन के अधीन हैं।

राज्य में वर्तमान समय में 19 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग मौजूद हैं। इनमें शिमला, मनाली, धर्मशाला, मंडी, कुल्लू, चंबा और किन्नौर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्ग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार ने लगभग 4312 किलोमीटर लंबाई वाले 69 नए राष्ट्रीय राजमार्गों को सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान की है, जिनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है.



**विशाल कल्याण**

हिमाचल की सड़क व्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा अब भी सिंगल लेन मार्गों पर आधारित है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार राज्य में पीडब्ल्यूडी के अधीन राष्ट्रीय राजमार्गों में लगभग 471 किलोमीटर सड़कें सिंगल लेन, 242 किलोमीटर इंटरमीडिएट लेन तथा लगभग 525 किलोमीटर सड़कें डबल लेन या उससे अधिक चौड़ाई वाली हैं।

यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि राज्य में अभी भी सड़क चौड़ीकरण और आधुनिकीकरण की बड़ी आवश्यकता है। विशेष रूप से पर्यटन सीजन और सेब सीजन के दौरान यातायात दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे दुर्घटनाओं और जाम की समस्या गंभीर रूप ले लेती है।

हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण केवल इंजीनियरिंग का विषय नहीं, बल्कि प्राकृतिक परिस्थितियों से संघर्ष का भी प्रश्न है। राज्य में भूस्खलन, बादल फटना, भारी वर्षा और बर्फबारी सड़क नेटवर्क को लगातार प्रभावित करते हैं। हर मानसून के दौरान सैकड़ों सड़कें बंद हो जाती हैं और करोड़ों रुपये पुनर्स्थापन कार्यों पर खर्च करने पड़ते हैं।

राज्य के कई ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी सड़क संपर्क पर्याप्त नहीं है। हालांकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तेजी से काम हुआ है, लेकिन दुर्गम क्षेत्रों तक ऑल-वेदर सड़कें पहुंचाना अब भी चुनौती बना हुआ है।

हाल ही में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV के अंतर्गत 294 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1538 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया जाएगा, जिस पर लगभग 2247 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह परियोजनाएं विशेष रूप से जनजातीय और दूरदराज क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं।

कर्नाटक विशेष रूप से बेंगलुरु का शहरी विकास मॉडल आज पूरे देश में चर्चा का विषय है। यहां आधुनिक सड़क तकनीकों, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट और डिजिटल निगरानी तंत्र का उपयोग किया जा रहा है।

विक्रमादित्य सिंह ने जिन तकनीकों में रुचि दिखाई है, उनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित पहलू शामिल हैं- बेंगलुरु में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ट्रैफिक सिग्नलिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जो वाहनों की संख्या के अनुसार सिग्नल समय को नियंत्रित करता है। इससे जाम कम करने में मदद मिलती है। यदि ऐसी तकनीकें शिमला, मनाली और धर्मशाला जैसे पर्यटन स्थलों में लागू की जाती हैं, तो पर्यटन सीजन के दौरान यातायात दबाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। बेंगलुरु में शहर की यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सेवाओं और आपदा प्रबंधन की निगरानी एकीकृत कमांड सेंटर के माध्यम से की जाती है। हिमाचल जैसे आपदा संभावित राज्य में यह मॉडल अत्यंत उपयोगी हो सकता है। भूस्खलन, सड़क अवरोध, मौसम चेतावनी और ट्रैफिक अपडेट को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाकर आम नागरिकों को तत्काल सूचना दी जा सकती है।

कर्नाटक में कई स्थानों पर नई पीढ़ी की सड़क निर्माण तकनीकों जैसे जियो-टेक्सटाइल, कोल्ड मिक्स टेक्नोलॉजी, पुनर्चक्रित डामर और वैज्ञानिक ड्रेनेज सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में अक्सर बारिश के कारण सड़कें टूट जाती हैं क्योंकि जल निकासी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होती। यदि वैज्ञानिक ड्रेनेज तकनीकों और मजबूत ढलान सुरक्षा उपायों को अपनाया जाए तो सड़कों की आयु बढ़ाई जा सकती है।

कर्नाटक में शहरी सेवाओं के लिए डिजिटल डेटा और सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग हो रहा है। हिमाचल में भी सड़क रखरखाव, ट्रैफिक सर्वेक्षण और परियोजना निगरानी को पूरी तरह डिजिटल बनाने की आवश्यकता है। यदि हिमाचल प्रदेश कर्नाटक मॉडल के कुछ सफल तत्वों को अपनाता है, तो राज्य की सड़क और परिवहन व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन संभव है।

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन खराब सड़कें, ट्रैफिक जाम और यात्रा में देरी पर्यटकों के अनुभव को प्रभावित करती हैं। चार लेन परियोजनाओं, स्मार्ट यातायात प्रणाली और बेहतर सड़क रखरखाव से राज्य में पर्यटन को नई गति मिल सकती है। वर्तमान में परवाणू-शिमला फोरलेन और मंडी-मनाली मार्ग जैसे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं।

हिमाचल के सेब, सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद सड़क परिवहन पर निर्भर हैं। खराब सड़कें किसानों के परिवहन खर्च को बढ़ाती हैं और समय पर बाजार तक पहुंचने में बाधा बनती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से किसानों की आय बढ़ सकती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है।

हिमाचल में हर वर्ष मानसून के दौरान सड़कें बाधित हो जाती हैं। यदि रियल टाइम मॉनिटरिंग, ड्रोन सर्विलांस और डिजिटल चेतावनी प्रणाली लागू की जाए, तो आपदा के समय राहत कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

हालांकि सड़क विकास आवश्यक है, लेकिन हिमाचल जैसे संवेदनशील पर्वतीय राज्य में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अंधाधुंध कटिंग, अवैज्ञानिक निर्माण और जंगलों की कटाई भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट पैदा कर सकती है।

इसलिए सड़क निर्माण में टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को प्राथमिकता देना आवश्यक होगा। ढलानों की सुरक्षा, वर्षा जल प्रबंधन, हरित इंजीनियरिंग और भूस्खलन नियंत्रण उपायों को सड़क परियोजनाओं का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए।

विक्रमादित्य सिंह का कर्नाटक दौरा हिमाचल प्रदेश के सड़क और शहरी विकास के लिए एक दूरदर्शी पहल के रूप में देखा जा सकता है। यह केवल तकनीकी अध्ययन नहीं, बल्कि एक ऐसे मॉडल की खोज है जो हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप आधुनिक, सुरक्षित और टिकाऊ सड़क अवसंरचना विकसित कर सके।

हिमाचल प्रदेश की सड़क व्यवस्था आज परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। एक ओर राज्य को प्राकृतिक आपदाओं, सीमित संसाधनों और कठिन भूगोल जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्रशासन और केंद्र सरकार की नई परियोजनाएं विकास के नए अवसर भी प्रदान कर रही हैं। यदि कर्नाटक की उन्नत सड़क और शहरी तकनीकों को हिमाचल की जरूरतों के अनुसार सफलतापूर्वक लागू किया जाता है, तो आने वाले वर्षों में राज्य की सड़क परिवहन व्यवस्था न केवल अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनेगी, बल्कि यह पर्यटन, अर्थव्यवस्था और ग्रामीण विकास को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पंचायत चुनाव : ग्राम स्वराज या स्वार्थ की राजनीति ?

प्रदेश में आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं हैं, अपितु प्रदेश के ग्रामीण लोकतंत्र की दिशा और दशा तय करने वाला महत्वपूर्ण अवसर भी हैं। प्रदेश की पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों के हजारों पदों के लिए होने वाले, ये चुनाव लोकतंत्र की उस आधारभूत इकाई का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहाँ से जन भागीदारी, सामाजिक चेतना और ग्रामीण विकास की वास्तविक शुरुआत होती है द्य यह चुनाव प्रक्रिया केवलमात्र देश व प्रदेश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आधार ही नहीं है द्य अपितु लोकतन्त्र की इस सूक्ष्म इकाई में जनप्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया में एक ऐसी प्रणाली है द्य जोकी देश व प्रदेश के ग्रामीण लोकतन्त्र में, सामाजिक चेतना और विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। भारतवर्ष में आदिकाल से ही पंचायत व्यवस्था समाज में न्याय एवं सामाजिक चेतना की धुरी रही है द्य जोकी तत्कालीन समाज के विकास, न्याय एवं सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती रही है द्य देश व प्रदेश में पंचायती राज प्रणाली भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे आधारभूत इकाई मानी जाती हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश के गाँवों तक शासन, विकास और जनकल्याण की योजनाएँ, आम जनमानस तक पहुँचती हैं। इस परिस्थिति में पंचायत प्रतिनिधियों के चयन के इस महा पर्व में चयनित जन प्रतिनिधियों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और नैतिकता जैसे मूल तत्व अत्यंत आवश्यक हो जाते है। दुर्भाग्यवश विगत कुछ दशकों से प्रदेश में पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार, पक्षपात, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और पारदर्शिता के अभाव जैसी समस्याएँ गंभीर रूप से प्रकट हो रही हैं। प्रदेश की अनेक पंचायतों में विकास कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी, सरकारी धन के दुरुपयोग, मनरेगा एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं में अनियमितताओं तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देने के आरोप लगते रहे हैं। प्रदेश की पंचायतों में निर्णय जनहित के लिए नहीं,अपितु स्थानीय स्तर पर कुछ प्रभावशाली लोगों के प्रभाव में लिए जाते हैं द्य जिससे आम जनता का विश्वास इस लोकतान्त्रिक प्रणाली के प्रति निरंतर कमजोर होता जा रहा है।

वर्तमान समय में यह चिन्ता का विषय है कि पंचायत चुनावों में धीरे-धीरे धन बल, शराब, जातिवाद, क्षेत्रवाद तथा व्यक्तिगत स्वार्थ जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ती जा रही हैं। प्रदेश के अधिकांश प्रत्याशियों द्वारा चुनाव से पूर्व मतदाताओं को शराब आदि का प्रत्यक्ष रूप से प्रलोभन देकर प्रभावित करने का प्रयास, अत्यंत चिन्ताजनक है द्य यदि प्रदेश का मतदाता अपने मत का प्रयोग सामाजिक हित, ईमानदारी और विकास के स्थान पर अपने तात्कालिक लाभ, शराबखोरी,निजी स्वार्थ या दबाव में करेंगे, तो प्रदेश की पंचायतों या चयनित जनप्रतिनिधियों से न्यायपूर्ण एवं विकासोन्मुख नेतृत्व की अपेक्षा करना अत्यंत कठिन हो जाएगा। इन पंचायत प्रतिनिधियों से न्याय, निष्पक्षता, ईमानदारी की अपेक्षा करना पंचायत के मतदाताओं के लिए एक स्वप्न होगा द्य

पंचायती राज व्यवस्था का मूल उद्देश्य इस सूक्ष्म लोकतान्त्रिक व्यवस्था में केवल प्रतिनिधि चुनना नहीं, अपितु प्रदेश के ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भर, सहभागी और उत्तरदायी बनाना है। प्रदेश में पंचायतें गाँव की मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे अनेक विषयों के संरक्षण में परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से लिप्त होती हैं। इसलिए प्रदेश के प्रबुद्ध मतदाताओं को अपने पंचायत प्रतिनिधियों का चयन व्यक्ति की आर्थिक शक्ति या राजनीतिक प्रभाव के आधार पर नहीं, अपितु उसकी कार्य क्षमता, दक्षता, ईमानदारी, सामाजिक व्यवहार और जनसेवा की भावना को समक्ष रख कर करना चाहिए।



**किशन बुशहरी**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की परिकल्पना ऐसे गाँवों के रूप में की थी, जहाँ निर्णय जनता की सहभागिता से हों, व समाज के अन्तिम व्यक्ति तक विकास पहुँचे। वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था उसी विचार का व्यावहारिक स्वरूप है। परन्तु जब पंचायत चुनावों में शराबखोरी, धनबल, जातीय ध्रुवीकरण और आपसी वैमनस्य जैसे कारक प्रभावी होने लगते हैं, तब यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्यों से भटकने लगती है।

इस चुनावी महाभारत में प्रदेश के मतदाताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। मतदाताओं को जातिवाद , क्षेत्रवाद , पैसे और अन्य प्रलोभनों से मुक्त होकर,अपने क्षेत्र में ऐसे प्रतिनिधियों का चयन करना चाहिए जिनकी छवि साफ-सुथरी हो, जो ईमानदार, शिक्षित, संवेदनशील और पंचायत के आम जनमानस के प्रति विकासोन्मुख सोच रखते हों। वर्तमान पंचायत चुनाव व्यक्तिगत द्वेष या राजनीतिक प्रभाव का नहीं, अपितु गाँव के भविष्य का चुनाव है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रदेश का प्रबुद्ध मतदाता स्वयं जागरूक बनें और अपनी पंचायत में ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुनें जो पंचायत को राजनीतिक,सामाजिक या जातिवाद के संघर्ष का मंच नहीं, अपितु जनसेवा का माध्यम समझते हों। युवाओं, महिलाओं तथा शिक्षित वर्ग की सक्रिय भागीदारी पंचायतों को नई दिशा प्रदान कर सकती है। इसके अतिरिक्त प्रदेश प्रशासन एवं निर्वाचन तंत्र को भी आदर्श आचार संहिता का कठोरता से पालन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न हो सकें।

प्रदेश में ग्रामीण लोकतंत्र की सफलता केवल मतदान प्रतिशत से नहीं, अपितु चुने गए प्रतिनिधियों की कार्यशैली और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से तय होगी। यदि प्रदेश की पंचायतें स्वच्छ राजनीति, पारदर्शिता और विकास का केंद्र बनती हैं, तभी वास्तविक अर्थों में देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था सशक्त होंगी व प्रदेश में ग्राम स्वराज का सपना साकार हो सकेगा।





## संक्षिप्त न्यूज

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की



**शिमला, ( बी. शर्मा )**– मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश में विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

बैठक के दौरान सुशासन, जनकल्याण और प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही विकासात्मक पहलों पर भी संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

# पट्टा मेहलोग में दो दिवसीय मेला सोमवार से शुरू

### पूजा देवी व रीना देवी ने मेले का किया शुभारंभ।

**पट्टा मेहलोग ( तारा )**– पट्टा मेहलोग का ऐतिहासिक दो दिवसीय मेला सोमवार से शुरू हो गया है। गांव की पूजा देवी व रीना देवी ने मेला का रिबन काट कर शुभारभ किया गया। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप व सचिव धर्मवीर ने बताया कि इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण कबड्डी प्रतियोगताएँ व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन रहेगा। 40 किलो वर्ग में चार, 65 किलो में आठ व 60 किलो में आठ टीमो ने अभी तक प्रतियोगिता में प्रवेश लिया है। भीषण गर्मी के कारण निर्णय लिया गया है कि मैच देर शाम को आयोजित किये जायेंगे। फाइनल मैच व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन 26 मई को होगा। जिसमें हिमाचल के अलावा साथ लगते हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ व दिल्ली तक के नामी पहलवान हिस्सा लेते है।

कबड्डी प्रतियोगिता के प्रभारी ज्योति गुप्ता व पुनीत ने बताया कि लड़कियों की कुश्ती के लिए ओपन प्रतियोगिता होगी। 65 किलो भार वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम को रुपये 11 हजार व ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 8100 व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। इसी तरह पहलवानों को मेला कमेटी व बाड़ियाँ पंचायत की ओर से उचित पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा।

कुश्ती दंगल के प्रभारी अक्षय व सूरज ने बताया कि कुश्ती दंगल माली के मुख्य अतिथि दून के विधायक राम कुमार चौधरी रहेंगे। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में बड़ी माली के विजेता को 9100 रुपये नकद व मुगदर (बुर्ज) के सम्मानित किया जाएगा। स्टार नाईट कार्यक्रम में रात्रि 8 से 10 बजे तक चम्बा के प्रसिद्ध गायक कलाकार काकू राम ठाकुर अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। मेले के शुभारंभ के अवसर पर मेला कमेटी के प्रधान प्रदीप ठाकुर, सचिव धर्मवीर कौशल, समिति के सदस्य ज्योति गुप्ता, आकाश, चंद्रकांत, प्रदीप, वीरेंद्र राणा, दीपक, हितेश, शुभम, आदित्य, पुनीत, अक्षय, प्रशांत, राजा आदि बहुत से गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# विशाल चौधरी को मातृ शोक

### कांता देवी के निधन पर जताया शोक

**बीबीएन 25 मई ( तारा )** – गुल्लरवाला पंचायत के निवासी दिल्ली में जीएसटी, कस्टम एवम नारकोटिक्स विभाग में डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) के पद पर तैनात विशाल चौधरी (आईआरएस) की माता कांता देवी (57) पत्नी डॉक्टर भाग सिंह चौधरी का रविवार देर रात को बीमारी के कारण निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। सोमवार दोपहर को उनका अंतिम संस्कार गुल्लरवाला के मोक्ष धाम में उनके परिजनों सहित अन्य सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में किया गया। दिवंगत कांता देवी पिछले दो वर्षों से असाध्य रोग से पीड़ित थे। गत रात्रि उनका निधन हो गया। उनके निधन से ग्राम पंचायत गुल्लरवाला में शोक का माहौल है। डॉ भाग सिंह चौधरी ने बताया कि उनकी पत्नी बहुत ही धार्मिक स्वभाव वाली सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाली महिला थी।




उन्होंने बताया कि उनके परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है डेढ़ वर्ष के अंतराल में उनके परिवार के तीन सदस्यों का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार के अवसर पर दून के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी, राज कुमार राजू, गुरनाम सिंह चौधरी, अमर सिंह, भाग सिंह, संजय राय, राजेन्द्र झल्ला, डॉ राम आसरा, व सरदार हरभजन सिंह, राम लोक चौधरी, रमन कौशल, राम लोक धर्मपुरी सहित सैंकड़ों गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी सवेदना प्रकट की है।

# कांग्रेस सरकार जनादेश को कुचलने और चुनाव प्रभावित करने का प्रयास कर रही है : जयराम ठाकुर

### आचार संहिता उल्लंघन और नियमों में बदलाव कर लोकतंत्र को कमजोर कर रही प्रदेश सरकार : जयराम ठाकुर

» प्रथम न्यूज । शिमला
25 मई ( बी.शर्मा )

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जो लोकतंत्र की मूल इकाइयों को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला होते हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार इन चुनावों को प्रभावित करने और जनादेश को कुचलने का प्रयास कर रही है।



राज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले पंचायत चुनावों को टालने के अनेक प्रयास किए, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उन्हें असफलता मिली। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में जो चुनाव हो रहे हैं, वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और फैसलों के कारण संभव हो पाए हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेशभर में बड़े स्तर पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं चुनावी सभाओं में जाकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जिताने पर विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये देने की घोषणाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं 50 लाख तो कहीं 1 करोड़ तक की घोषणाएं की गईं, जो सीधे तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि 25 में से 18 नगर परिषदों तथा 22 में से 12 नगर पंचायतों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अब इस जनादेश को प्रभावित करने के लिए नियमों में बदलाव कर रही है।

उन्होंने कहा कि पहले नगर परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्धारित समय सीमा और सात दिन के नोटिस का प्रावधान था, लेकिन सरकार ने उसमें संशोधन कर अधिकारियों को असीमित अधिकार दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब चुनाव एक महीने, दो महीने या छह महीने तक भी टाले जा सकते हैं, जिससे बड़े स्तर पर हॉर्स ट्रेडिंग और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को प्रभावित करने की संभावना बढ़ जाएगी।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि चुने हुए प्रतिनिधियों को विजिलेंस मामलों और तबादलों की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन जनप्रतिनिधियों के परिवार के सदस्य सरकारी नौकरी में हैं, उन्हें भी दबाव में लाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे कांग्रेस का समर्थन करें। यह लोकतांत्रिक जनादेश का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बावजूद प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक कर कई फैसले लिए और उनकी जानकारी मीडिया में दी गई। महिलाओं को ?1500 देने की घोषणा, विभिन्न वर्गों के मानदेय बढ़ाने जैसे फैसले चुनाव के दौरान लेना भी आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को ये फैसले लेने ही थे तो चुनाव से पहले या बाद में भी लिए जा सकते थे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इन सभी विषयों को गंभीरता से महामहिम राज्यपाल के समक्ष रखा है और आग्रह किया है कि लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक प्रक्रियाओं की रक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के जनादेश और लोकतंत्र की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है।



# डीडी न्यूज़ शिमला में नए पॉडकास्ट स्टूडियो 'म्हारा हिमाचल' का शुभारम्भ

### अपने लोगों के किस्सों से रूबरू कराएगा यह नवाचार

» प्रथम न्यूज । शिमला
25 मई ( बी.शर्मा )

दूरदर्शन समाचार, हिमाचल प्रदेश (डीडी न्यूज़) ने आज से संचार एवं संवाद की दिशा में एक नवाचार किया है । डीडी न्यूज़ शिमला में आज से 'म्हारा हिमाचल' नाम से नए पॉडकास्ट स्टूडियो की शुरुआत की है। 'म्हारा हिमाचल' की टैग लाइन 'अपने लोग अपने किस्से' रखी गई है। म्हारा हिमाचल पॉडकास्ट स्टूडियो का शुभारंभ आज दूरदर्शन समाचार, नईदिल्ली की महानिदेशक श्रीमती ममता वर्मा ने रिमोट के जरिए किया। अनौपचारिक बातचीत में श्रीमती वर्मा ने कहा कि आज के दौर में कंटेंट सबसे प्रमुख है। हम जितना अच्छा और पाजिटिव कंटेंट पेश करेंगे दर्शकों में उसे देखते रहने का भाव भी बढ़ता रहेगा। उन्होंने दूरदर्शन समाचार के इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से आम लोग समाज के कई जाने अनजाने लोगों की उपलब्धियों के बारे जान सकेंगे दूरदर्शन समाचार, शिमला की प्रमुख नंदिनी मित्तल ने बताया कि इस नए प्रयास और पहल का उद्देश्य देवभूमि हिमाचल में बिखरी प्रेरणादायक कहानियों से आम जनता को रूबरू कराना है । इसमें युवाओं के सपने, स्टार्ट अप की सफलताएं, पहाड़ी हौंसलों और महिलाओं की उम्मीदों को भी रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके जरिए हिमाचल की विशिष्ट हस्तियों से जुड़े रोचक किस्से भी जानने का अवसर मिलेगा। म्हारा हिमाचल के पॉडकास्ट यूट्यूब पर देखे जा सकेंगे। पॉडकास्ट स्टूडियो के शुभारंभ के बाद केंद्रीय संचार ब्यूरो के कलाकारों सहित विभिन्न कलाकारों ने हिमाचल की लोक संस्कृति से जुड़े मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर दूरदर्शनएवं आकाशवाणी के क्लस्टर हेड श्री कश्मीर सिंह, दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं पीआईबी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# लोकतंत्र और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर खतरे को लेकर राज्यपाल से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

### नियमों को तोड़-मरोड़ कर नगर निकाय चुनाव हाईजैक करने की कोशिश कर रही कांग्रेस सरकार : डॉ. राजीव बिंदल

» प्रथम न्यूज । शिमला
25 मई ( बी.शर्मा )

भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में लोक भवन में महामहिम राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मिला और प्रदेश में पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों के दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में कथित हस्तक्षेप, नियमों में बदलाव तथा जनादेश को प्रभावित करने के प्रयासों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए प्रशासनिक एवं राजनीतिक दबाव का सहारा ले रही है।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता की आवाज बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी इकाई हैं और हिमाचल प्रदेश में ये चुनाव पारंपरिक रूप से किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस सरकार चुनाव प्रक्रिया में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रही है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों और अधिनियमों में संशोधन करना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि रिजर्वेशन एक्ट में बदलाव कर अधिकारियों को अतिरिक्त शक्तियां देना और नगर परिषद तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव से जुड़े नियमों में संशोधन करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस सरकार बैकडोर तरीके से चुनावों को नियंत्रित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह केवल नियमों के साथ छेड़छाड़ नहीं बल्कि जनमत, जनप्रतिनिधियों और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी खुला अपमान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेशभर में जनता का विश्वास खो चुकी है और जनता का भारी आक्रोश सरकार के खिलाफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद और नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस की एकतरफा हार तय है और यही कारण है कि कई स्थानों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार तक घोषित नहीं कर पाई। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि हार के डर से कांग्रेस सरकार अब नियमों को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार बदलने का प्रयास कर रही है ताकि चुनाव परिणामों को प्रभावित किया जा सके।



नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जो लोकतंत्र की मूल इकाइयों को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले पंचायत चुनावों को टालने के अनेक प्रयास किए, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उसे असफलता मिली। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में चुनाव केवल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के कारण हो पा रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वयं चुनावी सभाओं में जाकर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जिताने पर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं ?50 लाख तो कहीं ?1 करोड़ तक की घोषणाएं की गईं, जो सीधे तौर पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बावजूद प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक कर कई ऐसे फैसले लिए जिन्हें चुनाव को प्रभावित करने वाला माना जा सकता है। महिलाओं को ?1500 देने की घोषणा, विभिन्न वर्गों के मानदेय बढ़ाने जैसे निर्णय चुनाव के दौरान लेना भी आचार संहिता का उल्लंघन है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिला है। उन्होंने दावा किया कि 25 में से 18 नगर परिषदों तथा 22 में से 12 नगर पंचायतों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन परिणामों को देखते हुए कांग्रेस सरकार ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया से जुड़े नियमों में बदलाव कर दिए हैं ताकि चुनावों को लंबे समय तक टाला जा सके और राजनीतिक दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पहले अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव के लिए सात दिन के नोटिस का स्पष्ट प्रावधान था, लेकिन अब उसमें संशोधन कर अधिकारियों को असीमित अधिकार दे दिए गए हैं। इससे चुनाव एक महीने, दो महीने या उससे भी अधिक समय तक टाले जा सकते हैं, जिससे बड़े स्तर पर हॉर्स ट्रेडिंग और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को प्रभावित करने की आशंका बढ़ गई है।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कई चुने हुए प्रतिनिधियों को विजिलेंस मामलों, तबादलों और प्रशासनिक कार्रवाई की धमकियां दी जा रही हैं। जिन प्रतिनिधियों के परिवार के सदस्य सरकारी सेवा में हैं, उन पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि वे कांग्रेस समर्थित गुटों का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक जनादेश को कुचलने का प्रयास है और भाजपा इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी।

भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक प्रक्रियाओं और जनता के जनादेश की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित हस्तक्षेप किया जाए।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, संजय सूद, प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, जिलाध्यक्ष केशव चौहान, प्रदेश सचिव संजय ठाकुर एवं कुसुम सदरेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर, वरिष्ठ प्रवक्ता गणेश दत्त, मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक कर्ण नंदा, किसान मोर्चा अध्यक्ष संजीव देष्टा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष गुरमीत सिंह, जगदीश चंद शर्मा, अंशुल बंसल, किरण बाबा, प्यार सिंह, सुदीप महाजन सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उमेश कुमार मीणा बने ईएसआईसी कर्मचारी संघ के प्रधान


### उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अनिल कुमार को छह मतो से हराया, बद्दी में हुए हिमाचल प्रदेश ईएसआईसी कर्मचारी संघ के चुनाव

» प्रथम न्यूज । शिमला
25 मई ( बी.शर्मा )

हिमाचल प्रदेश ईएसआईसी कर्मचारी संघ के प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में उमेश कुमार मीणा विजेता रहे। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अनिल कुमार को 6 मतों से पराजित किया। उमेश कुमार को 68 व अनिल कुमार को 62 मत पड़े।

बद्दी में चुनाव आयुक्त सरवन कुमार की देखरेख में चुनाव कराए गए। उपप्रधान पद के लिए तिकोना मुकाबला हुआ। कुमार साहिल को 66, कमील अहमद को 54 व राकेश कुमार को 12 मत पड़े। कुमार साहिल उपप्रधान चुने। सचिव पद के लिए भी तीन प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें शशि रंजन कुमार 58 मत लेकर विजेता रहे।

सुमित चब्बा 42 मत लेकर दूसरे व संजय कुमार 30 मत लेकर तीसरे स्थान पर रहे। संयुक्त सचिव पद के लिए




नितिन कागरा 76 व वैशाली ग्रोवर 67 मत लेकर विजेता रहे।

संजीव कुमार को 64 व अंबुज कुमार को 29 मत पड़े। कोषाध्यक्ष पद के लिए सुधांशु शर्मा व रंजीत कुमार के बीच सीधा मुकाबला हुआ जिसमें सुधांशु शर्मा का 74 व रंजीत कुमार को 57 मत पड़े। इसके अलावा कार्यकारिणी में नवीन चंद्र मदवाल, शुभम सोनी, विशाल महावार, अमित कौशल, प्रतीक शर्मा, दिनेश पंवर, सुरेंद्र कुमार, अनमोल कुमार मंडल व गौरव को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

हिमाचल प्रदेश चैंबर आफ कामर्स पांवटा साहिब के मुख्य सलाहकार देवव्रत यादव ने चयनित कार्यकारिणी का बधाई दी तथा उन्होंने नई कार्यकारिणी को हर संभव सहयोग करने की बात कही।

# डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

### केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**बिलासपुर ( धर्मपाल ) :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती अंजना धीमान जी के नेतृत्व में आज शहीद स्मारक, बिलासपुर में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ाई जा रही कीमतों के विरोध में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर गहरा रोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता, किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी तथा मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है तथा केवल बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बंबर ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार, सदर लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मस्तराम वर्मा , घुमारवी ब्लॉक अध्यक्ष चमेल सिंह , पूर्व महासचिव अनुराग पंडित, पूर्व प्रवक्ता संदीप संख्यान, कमलेन्द्र कश्यप, गौरव शर्मा, जितेन्द्र चंदेल, प्रीति भाटिया, नीलम सूद, चेतना महाजन, राज जामवाल, पिंकी देवी ,नायम मोहम्मद सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# श्री नैना देवी जी विकास खंड की ग्राम पंचायत टाली में प्रधान पद का चुनाव स्थगित

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
25 मई ( धर्मपाल )

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि श्री नैना देवी जी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत टाली में 26 मई को होने वाला प्रधान पद का चुनाव स्थगित कर दिया गया है।

उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के हवाले से बताया कि ग्राम पंचायत टाली में प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ रहीं दो प्रत्याशी क्रमशः कमलेश पत्नी राम कृष्ण तथा मीरा देवी पत्नी जय पाल सरकारी दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं। इनमें कमलेश मिड-डे मील कार्यकर्ता तथा मीरा देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं तथा दोनों प्रत्याशियों ने यह तथ्य नामांकन प्रक्रिया के दौरान छिपाया गया है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि पंचायती राज विभाग द्वारा पूर्व में जारी स्पष्टीकरण के अनुसार मिड-डे मील कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पंचायत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य श्रेणी में आते हैं तथा इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने पूर्व में भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।



राज्य निर्वाचन आयोग ने मामले की समीक्षा के उपरांत यह पाया है कि प्रधान पद के नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया प्रभावित हुई है तथा वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा। इसी के चलते संविधान के अनुच्छेद 243-के, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अनुभाग 160, हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज चुनाव नियम 1994 के नियम 32(5) तथा संबंधित चुनाव नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग ने ग्राम पंचायत टाली में प्रधान पद के चुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के आदेश जारी किए हैं। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि प्रधान पद से संबंधित सभी नामांकन पत्र एवं अभिलेख सीलबंद कर रिटर्निंग अधिकारी की अभिरक्षा में सुरक्षित रखे जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रधान पद हेतु जारी सभी मतपत्र वापस लेकर सुरक्षित रखे जाएंगे तथा यदि कोई डाक मतपत्र जारी अथवा प्राप्त हुए हैं तो उन्हें भी सीलबंद कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत टाली में प्रधान पद को छोड़कर अन्य सभी पदों के चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न करवाए जाएंगे।



# वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, टी20 लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टीनएज बल्लेबाज का रिकॉर्ड अपने नाम किया



वैभव सूर्यवंशी ने रविवार को इतिहास रच दिया। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे वैभव किसी भी टी20 लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टीनएजर बन गए हैं।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 15 साल के इस बल्लेबाज को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में रिकॉर्ड अपने नाम करने के लिए सिर्फ 2 रनों की जरूरत थी। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में यह उपलब्धि हासिल की। ??विल जैक्स की गेंद पर दूसरा रन लेते ही उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी20 टूर्नामेंट में किसी टीनएजर द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रनों का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के 14 मैचों में 483 रन बनाए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में खुद को सबसे बेहतरीन युवा प्रतिभाओं में से एक के तौर पर स्थापित किया है। बिहार के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीजन में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। 15 वर्ष की उम्र होने के बावजूद उन्होंने तेज और स्पिन, दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ निडर होकर बल्लेबाजी की है और परिपक्वता दिखाई है। टीनएज बल्लेबाजों का पिछला रिकॉर्ड देवदत्त पडिक्कल के नाम था। उन्होंने 2019-20 के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक क्रिकेट टीम के लिए 19 साल की उम्र में 580 रन बनाए थे। पडिक्कल का यह स्कोर भारत के सबसे बड़े घरेलू टी20 टूर्नामेंट में बना था और लंबे समय तक इसे इस फॉर्मेट में किसी टीनएजर द्वारा किए गए सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन माना जाता रहा। तिलक वर्मा ने भी 2022 में मुंबई इंडियंस के लिए 19 साल की उम्र में 14 मैचों में 397 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ी लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने 2024-25 के एसए20 सीजन में पार्ल रॉयल्स के लिए 12 मैचों में 397 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड के विल स्मीड ने 2021 के वाइटैलिटी ब्लास्ट में समरसेट काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए 19 साल की उम्र में 14 मैचों में 385 रन बनाए थे।

# हरमनप्रीत कौर को मिला पद्म श्री, रोहित शर्मा रहे समारोह से गायब! जानिए क्या है वजह?

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और वर्ल्ड कप विजेता हरमनप्रीत कौर को सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरमनप्रीत को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

रोहित शर्मा की नाम भी इस साल पद्म श्री के लिए चुने गए खिलाड़ियों सूची में है। दोनों ही खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट में अपने योगदान के लिए ये पुरस्कार मिला है। हरमनप्रीत कौर तो इस पुरस्कार को लेने पहुंचीं, लेकिन रोहित सोमवार को अवॉर्ड लेने नहीं पुंहचे।

## ये है वजह

इस साल कुल 131 पद्म अवॉर्ड दिए जाने हैं जिसमें से आज राष्ट्रपति ने दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्म श्री अवॉर्ड दिए। बाकी जो अवॉर्ड बचे हैं उन्हें दूसरे चरण में दिया जाएगा। ऐसे में जब दूसरे चरण के अवॉर्ड दिए जाएंगे तब रोहित उसमें शामिल होंगे। यानी रोहित ने ये समारोह मिस नहीं किया है बल्कि उनका नाम दूसरे चरण में है इसलिए वह आज अवॉर्ड लेने राष्ट्रपति भवन नहीं पहुंचे।

## इंग्लैंड के लिए होंगी रवाना

हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पिछले साल आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता था जो भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा जीता गया पहला वर्ल्ड कप था। इसी को देखते हुए हरमनप्रीत कौर को इस साल पद्म श्री मिला है। हरमनप्रीत कौर क्रीम कलर के सूट में राष्ट्रपति भवन पहुंची थीं। हरमनप्रीत कौर इस पुरस्कार समारोह के लिए ही भारत में रुकी थीं, नहीं तो भारतीय महिला टीम अगले महीने से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड पहुंच चुकी हैं और अभ्यास कर रही हैं।

इस साल सात खिलाड़ियों को पद्म श्री और एक खिलाड़ी को पद्म भूषण दिया गया है। भारत के पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण मिला है। बलदेव सिंह, भगवानदास राइकवर, के पजनवेल, प्रवीण कुमार को पद्म श्री देने का फैसला किया गया है।







# हम यहां डिफेंड करने नहीं आए हैं, गुजरात के खिलाफ क्वालिफायर मुकाबले से पहले गरजे रजत पाटीदार; दे डाली बड़ी चेतावनी

गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले पहले क्वालिफायर मुकाबले से पहले बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार का मानना है कि जो टीम मुकाबले के दौरान शांत रहेगी, उसी को जीत मिलेगी। उनका कहना है कि वे मुकाबले में डिफेंड नहीं बल्कि आक्रमकता दिखाने की मानसिकता रहेगी। पहला क्वालिफायर मुकाबला धर्मशाला में खेला जाना है और इस मुकाबले से पहले उन्होंने हुंकार भरी है।

बेंगलुरु की टीम आईपीएल 2026 में शानदार खेल दिखाया है और टबर टॉपर रही। उनके प्रदर्शन को देखें, तो ऐसा लग रहा है कि वे ट्रॉफी डिफेंड कर लेंगे। हालांकि, उनके सामने गुजरात की चुनौती है। गुजरात की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही शानदार फॉर्म में है लेकिन पाटीदार को इसकी परवाह नहीं है। वे बस नर्व्स को काबू में रखकर मुकाबले में खेलना चाहते हैं ताकि दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

**रजत पाटीदार ने दिया बड़ा बयान**

पहले क्वालिफायर मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए पाटीदार ने कहा, दोनों टीमों ने सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। उस दिन मैदान पर जो भी टीम बेहतर ढंग से खेलेगी, दबाव में शांत रहेगी, उसी को जीत मिलेगी। क्वालिफायर का बड़ा मंच है और हमें यहां पर अपने नर्व्स को काबू में रखना होगा। हम जो भी कर रहे हैं, उस पर हमें भरोसा होना चाहिए। हमारी ताकत गेंदबाजी है और हमें पावरप्ले में हमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पाटीदार ने आगे कहा, हमारी टीम में हर किसी को पता है कि हम यहां पर बचाव करने नहीं आए हैं। हम अटैक करने के लिए आए हैं। हमारी यही मानसिकता है कि शुरुआत से ही विकेट लेने की कोशिश करेंगे। भुवी, हेजलवुड और रासिख यही करते आए हैं। हमें उम्मीद है कि वे इसी को आगे जारी रखेंगे।

## पाटीदार ने की वेंकटेश अय्यर की जमकर तारीफ

आरसीबी के कप्तान ने कहा, मैं वेंकी को बचपन से जानता हूं। वो जिस तरह से खुद को तैयार करते हैं, वो असाधारण है। वे किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। मुझे उनका रवैया बहुत पसंद है। जब उन्हें मौके नहीं मिल रहे थे, तो उस समय भी वे खुद को तैयार कर रहे थे। नेट्स में उन्होंने जितनी मेहनत की बातचीत की, उससे पता चला था कि वे तैयार हैं।

# विराट कोहली से तकरार के बाद ट्रेविस हेड के परिवार को मिली गालियां, पत्नी जेसिका का दर्द छलका




ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका हेड ने दावा किया है कि उन्हें और उनके पति को एक बार फिर भारतीय क्रिकेट फैंस की अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है।

जेसिका का दावा है कि न सिर्फ उन्हें बल्कि उनके दोस्तों और फैमिली मेंबर्स को भी इनबॉक्स में नफरतभरे शब्दों और गालीगलौज वाले संदेशों से जूझना पड़ रहा है। ये सब आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के मैच के बाद हुआ जिसमें विराट कोहली और ट्रेविस हेड ने एक दूसरे पर हल्के-फुल्के अंदाज में छींटाकशी की थी।

ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका ने ऑस्ट्रेलिया के मीडिया आउटलेट द एडवर्टाइजर से कहा, 'वर्ल्ड कप के बाद जिस तरह के ऑनलाइन एब्यूज का सामना करना पड़ा था, ये उसी के दोहराव जैसा लग रहा। मैं जगी तो सोशल मीडिया पर ये सब हो रहा थाज.हम तो ठीक हैं लेकिन वे हमारे दोस्तों और परिजनों पर भी हमला कर रहे हैं।' सोशल मीडिया पर यूजर्स का एक तबका हेड और उनकी पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणियां कर रहा है।





# लुधियाना की मेयर और पंजाबी गायक दलजीत दोसांझ को बम धमाके की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



**लुधियाना (ब्यूरो)**- लुधियाना की मेयर इंदरजीत कौर व पंजाबी गायक दलजीत दोसांझ के घर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। निगम कमिश्नर की सरकारी मेल पर सुबह 7.28 बजे एक मेल भेजा गया है।

इसमें लिखा गया है कि बम धमाका मेयर व दलजीत दोसांझ घर ते। इसमें मेयर के घर पर 1.11 मिनट पर धमाका करने की चेतावनी दी गई है और छह जून तक दलजीत दोसांझ के घर गांव में रात 9.11 मिनट पर ब्लास्ट करने की धमकी दी गई है। खालीस्तान नेशनल आर्मी, इंजीनियर गुरनख सिंह, रूकन शाहवाल, डाक्टर गुरनिवैर सिंह और खान रजादा का नाम लिखा गया है। इस धमकी भरी मेल आने के बाद मेयर कैंप आफिस पर सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए है।

# पेट्रोल 100 पार, डीजल की कीमत भी 2.71 बढ़ी

## 10 दिन में चौथी बार बढ़ोतरी



**नई दिल्ली (ब्यूरो)**- आम आदमी को महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। पेट्रोल डीजल की कीमतों में 10 दिनों में चौथी बार बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल के दाम में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।

इसके बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है।

पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां ईंधन के खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और रुपये के कमजोर होने के कारण हुई है।

## 23 मई को ही बढ़े थे दाम

इससे पहले 23 मई को पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे लीटर जबकि डीजल के दाम में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। 23 मई को ही वाहन ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले सीएनजी की कीमत में भी एक रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। हाल के दिनों में तीसरी बार हुई बढ़ोतरी के बाद सीएनजी के दाम कुल चार रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ चुके हैं।

# कांग्रेस ने पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतों के ख़िलाफ़ किया ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन, कीमतों में बढ़ौतरी होने से महिला की रसोई का बजट हिल गया : जूनियर अवतार हैनरी**

» प्रथम न्यूज । जालंधर
25 मई (शैली अल्बर्ट)



जिला शहरी कांग्रेस कमेटी की तरफ से पंजाब और चंडीगढ़ में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर इजाफा हुआ है। आप को बता दें कि 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी की गई है। ऐसे में आज पेट्रोल के दाम में 2.60 रुपए और डीजल में 2.70 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं लगातार बढ़ रही कीमतों को लेकर जहां आप पार्टी भाजपा पर तंज कस रही है, वहीं आज कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथ में पार्टी के झंडे उल्टे पकड़े हुए थे। हालांकि जैसे ही मीडिया ने तस्वीरें कैमरे में कैद की तो कार्यकर्ताओं द्वारा झंडो को सीधा कर लिया गया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए नार्थ हलके के विधायक व् आल इण्डिया कांग्रेस के सदस्य जूनियर अवतार हैनरी ने कहा कि ईरान और अमेरिका युद्ध के बाद से देश में महंगाई का स्तर लगातार बढ़ रहा है। वहीं पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मीडिल क्लास के लोग मुश्किल से घर का गुजारा कर रहे है। इसी के साथ कीमतों में बढ़ौतरी होने से महिला की रसोई का बजट हिल गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय में पार्टी द्वारा 5 रुपए वैट घटा दिया गया। देश के प्रधानमंत्री लगातार सत्ता में आने के दौरान मन की बात करते रहे है। कोरोना के बाद रशिया की वार के क्रूड ऑयल में गिरावट देखने को मिली थी। उस दौरान रशिया से भारतीय करंसी के मुताबिक 30 प्रतिशत डिस्काउंट पर तेल खरीदा जाता था। तेल 2025 में केंद्र सरकार की एक्साइज को लाभहुआ है। उस दौरान केंद्र द्वारा लोगों को राहत नहीं दी गई। अडानी को 8 रुपए के हिसाब से रिफाइनरी दी गई। भारत में अडानी को नंबर वन करोड़पति बना दिया गया। देसी घी 80 से 100 रुपए बढ़ गए। दूध की कीमतें 7 से 8 रुपए बढ़ गई। खाल की दाम 250 रुपए बढ़ गए है। भारत 89 प्रतिशत क्रूड ऑयल खरीदने पर निर्भर है। उन्होंने चाइना का उदाहरण देते हुए कहा कि 2009 में ईवी की ओर रुख कर लिया। विधायक ने कहा कि राहुल गांधी 10 से 12 सालों से कह रहे है कि देश को अंबानी-अडानी सरकार को चला रहे है। महंगाई की मार से आम आदमी पिस रहा है। एलपीजी के दामों में बढ़ौतरी हो रही है और वह 25 दिनों के बाद लोगों को मिल रहा है। इस दौरान छोटे कारोबारी 4 हजार से अधिक में सिलेंडर खरीद रहे है और काफी छोटे कारोबारी काम बंद कर चुके है। मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक परगट सिंह, जिला अध्यक्ष राजिंदर बेरी, जगजीत कंबोज, प्रदीप शर्मा टोनी, पवन कुमार, गौरव शर्मा नोनी, रमित दत्ता, सुमित बेरी, परमजीत सिंह पम्मा, सक्षम, बलजीत सिंह समभी, रवि, राजेश भट्टी, मनोज कुमार, करण सुमन, बंटी नीलकंठ, डॉ. जसलीन सेठी, मुकेश ग्रोवर, ब्रह्म देव सहोता, जगदीप सोनू संधर, हुसन लाल, सुधीर घुग्गी, प्रेम नाथ दकोहा, अशोक खन्ना,अशोक हंस, मनजीत सिमरन, सौरव भारद्वाज, अश्वनी शर्मा, दीपू, सोनू साहनी,राजू सोबती, बॉबी सोंधी, हरमीत सिंह साभा, जगमोहन छाबड़ा, यशपाल सफारी, सतिंदर पाल लक्की बिंद्रा, टोनू जिंदल, हरमीत सिंह, भारत भूषण, जतिंदर सिंह, करण वर्मा, अरुण सहगल, जगजीत जीता, यशपाल, मुनीश पाहवा, निशांत घई, करण वर्मा, नरेश टोनी, टोनी शारदा, रमित दत्ता, सुमित बेरी, गुलशन सोढ़ी, अजय दत्ता, अश्वनी सोंधी, रवि बग्गा, गुलशन मिड्डा, शबनम, वीना, गुरमीत जस्सी मौजूद थे।

**भगवंत मान सरकार का बड़ा ऐलान**

# किसानों को 8 घंटे से अधिक बिजली सप्लाई



**चंडीगढ़ (एएम नाथ)**- मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आज बिजली मंत्री स.तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा आगामी धान बुवाई सीजन के दौरान किसानों को निर्बाध 8 घंटे बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

बिजली मंत्री स.तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा विभिन्न जिलों के लिए धान सीजन संबंधी जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार 8 घंटे बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। यह समय-सारणी 1 जून से गुरदासपुर, पठानकोट, अमृतसर, तरनतारन, रूपनगर, एसएएस नगर, फतेहगढ़ साहिब और होशियारपुर जिलों में लागू होगी, जबकि 5 जून से फरीदकोट, बठिंडा, फिरोजपुर, श्री मुक्तसर साहिब और फाजिल्का जिलों में लागू की जाएगी। इसके अतिरिक्त 9 जून से लुधियाना, मलेरकोटला, मानसा, मोगा, पटियाला, संगरूर, बरनाला, कपूरथला, जालंधर और एसबीएस नगर जिलों में प्रतिदिन 8 घंटे से अधिक बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने आगे कहा, राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और धान सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पीएसपीसीएल राज्य में कृषि हेतु जारी प्रत्येक मोटर कनेक्शन को प्रतिदिन 8 घंटे से अधिक बिजली उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगा, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के धान की रोपाई सुचारू रूप से कर सकें।

उन्होंने कहा, पंजाब के मेहनती किसान देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण समय के दौरान उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# डेरा सचखंड बल्ला में अमर शहीद संत रामानंद महाराज जी के शहीदी दिवस पर विशाल समागम

**अविनाश चंद्र कलेर, अशोक सरीन हिक्की, पार्षद रवि ने 108 संत निरंजन दास जी से लिया आशीर्वाद**

» प्रथम न्यूज । जालंधर
25 मई (शैली अल्बर्ट)



डेरा सचखंड बल्ला में अमर शहीद संत रामानंद महाराज जी के शहीदी दिवस के अवसर पर विशाल धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संत महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा डेरा प्रमुख 108 संत निरंजन दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

समागम के दौरान पंजाब सरकार के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश चंद्र कलेर, जालंधर भाजपा महामंत्री अशोक सरीन हिक्की और जालंधर संतोखपुरा वार्ड 74 से भाजपा पार्षद रवि कुमार ने भी डेरा सचखंड बल्ला पहुंचकर 108 संत निरंजन दास जी के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अविनाश चंद्र कलेर ने कहा कि संत महापुरुष सदैव समाज को भाईचारे, मानवता और एकता का संदेश देते आए हैं। उन्होंने कहा कि डेरा सचखंड बल्ला समाज को धार्मिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं भाजपा महामंत्री अशोक सरीन हिक्की ने अमर शहीद संत रामानंद महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत समाज को सदैव सत्य, सेवा और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी।

समागम के दौरान धार्मिक दीवान सजाए गए, जहां रागी जत्थों एवं भजन मंडलियों द्वारा भक्ति रस से भरपूर भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया गया। डेरा प्रबंधकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां उपस्थित थीं।





## संक्षिप्त न्यूज

### शिमला के आर्यन हरनोट को अभिनय एवं निर्देशन के लिए 'BIG Impact Award 2026'. हिमाचल के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने किया सम्मानित, लघु फिल्म कील और राम भरोसे को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**शिमला, ( बी. शर्मा )**- हिमाचल प्रदेश शिमला के निवासी प्रतिभाशाली अभिनेता एवं फिल्म निर्माता आर्यन हरनोट को अभिनय और निर्देशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित BIG Impact Award 2026 से सम्मानित किया गया। प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री कविंद्र गुप्ता ने रविवार को होटल रेडिसन, शिमला के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में यह सम्मान प्रदान किया।



यह पुरस्कार 95 बिग एफएम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाता है। समारोह में बिग एफएम की कार्यकारी निदेशक सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आर्यन हरनोट एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। एक अभिनेता के रूप में उन्होंने दिया और बाती हम, फुलवा, कामना, तुम देना साथ मेरा, परवरिश, बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन और साजन घर जैसे लोकप्रिय दैनिक धारावाहिकों में मुख्य व समानांतर मुख्य भूमिकाएँ निभाकर देशभर में पहचान बनाई है। आर्यन एक अच्छे लेखक भी है। निर्देशक के रूप में भी उनकी फिल्मों ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोरी है। उनकी निर्देशित लघु फिल्में कील और राम भरोसे समीक्षकों द्वारा प्रशंसित होने के साथ-साथ कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में पुरस्कृत हो चुकी हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद आर्यन हरनोट ने कहा, यह सम्मान मेरे प्रदेश और उन सभी लोगों का है जिन्होंने मेरी यात्रा में विश्वास रखा। हिमाचल की मिट्टी से निकलकर देश के सामने अपनी कहानियाँ रख पाना मेरे लिए गर्व की बात है।

### समाज सेवा और जनहित कार्यों के लिए पुनीत महाजन को किया जाएगा सम्मानित

**चंडीगढ़ ( ब्यूरो )**- सीटीयू स्टाफ एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने जनहित एवं समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुनीत महाजन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। हमारे कहने पर सीटीयू वर्कशॉप इंडस्ट्रियल एरिया फेस वन के सामने एक बहुत बड़ा खड़ा था जो कोई भी हादसा हो सकता था जो हमने पुनीत महाजन को बोला और उन्होंने एडमिनिस्ट्रेशन और कॉरपोरेशन को बोलकर वह काम करवाया इस पर संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर कर्मचारियों ने विभाग का भी धन्यवाद किया और कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने वाले ऐसे व्यक्तियों का सहयोग सदैव प्रेरणादायक होता है। सीटीयू स्टाफ की ओर से कहा गया कि पुनीत महाजन हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं और वर्षों से निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। वे भारतीय एकता मंच के फाउंडर एवं जनरल सेक्रेटरी भी हैं साथ में बहुत निष्पक्ष पत्रकार भी है तथा सामाजिक एकता, जनकल्याण और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। जूनियर असिस्टेंट राजेंद्र कुमार, असिस्टेंट हरविंदर सिंह हैंडीक्राफ्ट यूनियन के प्रधान सहित अन्य कर्मचारियों ने भी पुनीत महाजन का भव्य शब्दों में धन्यवाद किया और कहा कि उनका सेवाभाव सभी के लिए प्रेरणा है। कर्मचारियों ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में सीटीयू द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में पुनीत महाजन को सम्मानित भी किया जाएगा। विभिन्न सामाजिक एवं सरकारी संस्थाओं द्वारा भी समय-समय पर पुनीत महाजन को सम्मानित किया जा चुका है। चंडीगढ़ प्रशासन, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, पुलिस विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया है। कर्मचारियों ने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा में लगे रहें और पुनीत महाजन इसी भावना के साथ निरंतर समाज सेवा कर रहे हैं।



### डीएलएसए सचिव ने एलएनजेपी अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र का किया दौरा

**कुरुक्षेत्र, 25 मई ( बृज मोहन )** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र स्थित नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। दौरे के दौरान केंद्र में तीन मरीज भर्ती थे। सीजेएम ने मरीजों से बातचीत की तथा उनकी समस्याओं और कुशल-क्षेम के बारे में जानकारी ली। केंद्र में तीन स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे तथा परिसर साफ-सुथरा एवं सुव्यवस्थित पाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा गांव मेहरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा आम जनता को पर्यावरण संबंधी कानूनों, वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, जल प्रदूषण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा ई-वेस्ट प्रबंधन एवं उसके सुरक्षित निस्तारण के बारे में जागरूक किया गया। सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में जागरूक करना तथा सभी को पृथ्वी को हरा-भरा और स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है।




# पत्रकारों के इंश्योरेंस करवा मीडिया वेल बिंग एसोसिएशन सराहनीय कार्य कर रही है : विपुल गोयल

## सरकार अब तक 60 से अधिक घोषणाओं को लागू कर चुकी है, जबकि करीब 160 घोषणाओं पर कार्य चल रहा है

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़ / पंचकूला
25 मई ( मुकेश डोलिया )

पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन (एमडब्ल्यूबीए) अब देशभर में पत्रकारों के लिए एक मजबूत मंच बनकर उभर रहा है। पंचकूला स्थित रेड बिशप में आयोजित संगठन के भव्य कार्यक्रम में उस समय उत्साह का माहौल बन गया।



कार्यक्रम में हरियाणा और चंडीगढ़ सहित चार राज्यों से करीब 200 पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार दीपक धीमान ने की। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी, महासचिव सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष तरुण कपूर, संगठन मंत्री मेवा सिंह राणा, पंचकूला अध्यक्ष ताराचंद ठाकुर, यमुनानगर जिलाध्यक्ष देवदास शारदा, प्रदेश प्रवक्ता पवन चोपड़ा, राजीव ऋषि सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार बलराम सैनी, मनबीर सैनी, कुमार रमेश और डॉ. थानेश्वर शर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए पत्रकारों की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान की दिशा में संगठन के प्रयासों की सराहना की।

### पत्रकारों के कल्याण को सरकार गंभीरता से ले रही : विपुल गोयल

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मीडिया वेल बिंग एसोसिएशन पत्रकारों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने पत्रकारों के हित में जो अभियान शुरू किया है, वह वास्तव में प्रेरणादायी है और सरकार भी इस दिशा में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पत्रकारों के कल्याण को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। पत्रकारों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, पेंशन व्यवस्था और अन्य योजनाएं इसी सोच का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में पत्रकारों की मांगों पर गंभीरता से कार्य किया गया और उनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया गया। विपुल गोयल ने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुनावी घोषणाओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब तक 60 से अधिक घोषणाओं को लागू कर चुकी है, जबकि करीब 160 घोषणाओं पर कार्य चल रहा है।हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने संगठन को 21 लाख रुपये के अनुदान की घोषणा की।

### कोरोना काल में पत्रकारों की भूमिका को किया याद

कैबिनेट मंत्री ने कोरोना महामारी के कठिन दौर को याद करते हुए कहा कि जब पूरा देश घरों में बंद था, तब पत्रकार और जनप्रतिनिधि लगातार मैदान में डटे रहे। पत्रकारों ने दिन-रात मेहनत कर जनता तक सही जानकारी पहुंचाई और अफवाहों को फैलने से रोका।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों के कंधों पर समाज के प्रति बड़ी जिम्मेदारी होती है। पत्रकार ही जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। पत्रकारों की मान्यता व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार एग्रेडेशन सिस्टम को खत्म करने की मांग पर गंभीरता से विचार कर रही है। हालांकि सरकार चाहती है कि पत्रकार एसोसिएशन इस विषय में सुझाव दें कि वर्तमान व्यवस्था समाप्त होने के बाद पत्रकारों की मान्यता का नया और पारदर्शी मॉडल कैसा हो.विपुल गोयल ने कहा कि पत्रकारों के इंश्योरेंस करवा मीडिया वेल बिंग एसोसिएशन सराहनीय कार्य कर रही है।

पत्रकारों की पेंशन आयु 60 वर्ष से घटाकर 58 वर्ष करने की मांग पर उन्होंने हंसी भरे अंदाज में कहा कि जिस प्रकार एक आईएएस अधिकारी की सेवा आयु 60 वर्ष है, उसी प्रकार पत्रकारों को भी उसी श्रेणी में देखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। उनके इस बयान पर पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा।

### चंद्रशेखर धरणी हमेशा पत्रकारों के हितों के लिए लड़ते हैं : प्रवीण अत्रे

मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने कहा कि चंद्रशेखर धरणी हर बार पत्रकारों के हितों को लेकर सरकार के सामने मजबूती से अपनी बात रखते हैं।

उन्होंने कहा कि धरणी कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगते, बल्कि हमेशा पत्रकारों की सुविधाओं के लिए संघर्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। पहले जहां सहायता राशि ढाई लाख रुपये थी, उसे बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया गया। पत्रकारों की पेंशन में भी बढ़ोतरी की गई है और अब पत्रकारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने पर भी विचार किया जा रहा है। प्रवीण अत्रे ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है, लेकिन सोशल मीडिया के दौर में कुछ लोग पत्रकारिता के नाम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे मुख्यधारा की पत्रकारिता की साख प्रभावित हो रही है और इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

### संगठन ने मंत्री को किया सम्मानित

कार्यक्रम में मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने मुख्य अतिथि विपुल गोयल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं महासचिव सुरेंद्र मेहता, संगठन मंत्री मेवा सिंह राणा और प्रदेश प्रवक्ता पवन चोपड़ा ने मंत्री को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच से पत्रकारों के हितों से जुड़ा मांग पत्र भी मंत्री को सौंपा गया।

### पत्रकारों के लिए सुरक्षा कवच बना एमडब्ल्यूबीए : धरणी

कार्यक्रम में संगठन की उपलब्धियों और गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा भी प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने बताया गया कि मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन देश की उन चुनिंदा संस्थाओं में शामिल है, जो पत्रकारों को नि:शुल्क बीमा सुविधा उपलब्ध करवा रही हैं। संस्था पत्रकारों को 10-10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस और दुर्घटना बीमा उपलब्ध करवा रही है। इसके अलावा पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस सुविधा लागू करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। विशेष बात यह रही कि संस्था इन योजनाओं के बदले पत्रकारों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेती। कार्यक्रम में बताया गया कि एक वरिष्ठ पत्रकार के निधन के बाद उनके परिवार को 10 लाख रुपये की बीमा सहायता दिलवाई गई, जबकि एक अन्य पत्रकार परिवार को 33 लाख रुपये तक का जोखिम कवर उपलब्ध करवाया गया।

### वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मान की नई परंपरा

एमडब्ल्यूबीए द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित करने की परंपरा को भी कार्यक्रम में विशेष रूप से सराहा गया। संस्था प्रत्येक कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के तीन वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित करती है। यह सम्मान कई वरिष्ठ नेताओं के हाथों दिलवाया जा चुका है। संस्था द्वारा सम्मान के साथ नगद राशि भी भेंट की जाती है, ताकि वरिष्ठ पत्रकारों के अनुभव और योगदान को वास्तविक सम्मान मिल सके।

### कई राज्यों तक पहुंचा संगठन का विस्तार

हरियाणा से शुरू हुआ यह संगठन अब पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर तक अपना विस्तार कर चुका है। विभिन्न राज्यों में संगठन की इकाइयां गठित की जा चुकी हैं, जो स्थानीय स्तर पर पत्रकारों का पंजीकरण, बीमा योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों का संचालन कर रही हैं।

संस्था द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाता है। इनमें पंजाब केसरी के संस्थापक अमर शहीद लाला जगत नारायण अवॉर्ड, पत्रकारिता रत्न अवॉर्ड और पत्रकारिता अलंकार अवॉर्ड प्रमुख हैं। वर्ष 2026 से संस्था ने दिवंगत पत्रकारों की स्मृति में स्वर्गीय ज्ञानेंद्र भर्तिया अवॉर्ड, स्वर्गीय ज्योति संग अवॉर्ड और स्वर्गीय रमेश शर्मा अवॉर्ड शुरू करने की भी घोषणा की है।

### AI प्रशिक्षण से पत्रकारों को मिलेगी नई दिशा

तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए संगठन ने पत्रकारों के लिए विशेष AI प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।

इसके लिए संगठन मंत्री मेवा सिंह राणा की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जिसमें विनोद लाहोट और पवन चोपड़ा को शामिल किया गया है। यह समिति हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी। संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य पत्रकारों को आधुनिक तकनीक और AI आधारित पत्रकारिता से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

### सरकार के समक्ष रखी गई प्रमुख मांगें

कार्यक्रम में संगठन द्वारा पत्रकारों के हितों से जुड़ा विस्तृत मांग पत्र भी सरकार को सौंपा गया। इसमें पत्रकारों के लिए न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक पेंशन, 15 वर्ष की सेवा के बाद पेंशन का अधिकार, पेंशन आयु सीमा 58 वर्ष करने, डिजिटल पत्रकारों को नीति में शामिल करने और पत्रकारों के लिए 10 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

इसके अलावा पत्रकारों के लिए पारिवारिक पेंशन व्यवस्था लागू करने, हरियाणा रोडवेज बसों में आरक्षित सीटें और निशुल्क यात्रा सुविधा देने, पंचकूला में संगठन के मुख्यालय के लिए भूमि उपलब्ध करवाने तथा पत्रकारों के बच्चों को शिक्षा और नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण देने की मांग भी रखी गई।

### पत्रकारों के लिए प्रेरणा बन रहा संगठन

कार्यक्रम के अंत में संगठन अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने कहा कि मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन आने वाले समय में पत्रकारों के हितों के लिए और व्यापक स्तर पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकारों को सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य सुविधा और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और कैबिनेट मंत्री अनिल विज को संगठन की रीढ़ की हड्डी बताते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से संगठन आज देशभर में पत्रकारों के बीच भरोसे का प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम में ललित शर्मा कैथल, संदीप वशिष्ठ यमुनानगर, गुरुदत्त पलवल आदि को सम्मानित किया गया।

# कुटलैहड़ में नशा माफियों पर विधायक विवेक शर्मा का बड़ा हमला, बोले ईमानदारी लिखने से नहीं, कर्मों से देती है दिखाई

## चुनावो में नशे की खेप मिलना बड़ा चिंताजनक, नशा माफियों पर कार्यवाही करने के लिए पुलिस को खुली छूट

» प्रथम न्यूज । बंगाणा
25 मई ( जोगिंद्र देव आर्य )

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पंचायती राज चुनावों के बीच नशे के बढ़ते मामलों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि केवल बड़े-बड़े पोस्टर और बैनरों पर कट्टर ईमानदार लिख देने से कोई ईमानदार नहीं बन जाता। उन्होंने कहा कि असली ईमानदारी व्यक्ति के कर्मों और समाज के प्रति उसकी सोच से दिखाई देती है।



विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि चुनावों के दौरान जिस प्रकार पुलिस द्वारा नशे की बड़ी खेपें पकड़ी जा रही हैं, वह बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग दिन में जनता के बीच ईमानदारी और समाजसेवा का चोला पहनकर घूमते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में वही लोग युवाओं तक नशा पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान करना और उनसे समाज को बचाना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता की कुर्सी पाने के लिए कुछ लोग युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे लोग समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं क्योंकि वे युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने का कार्य कर रहे हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जनता को अब जागरूक होकर ऐसे चेहरों को पहचानना होगा जो बाहर से समाजसेवी बनने का दिखावा करते हैं लेकिन अंदर ही अंदर समाज को खोखला करने में लगे हुए हैं।

### नशे के कारोबारियों के खिलाफ सरकार की बड़ी कार्रवाई

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखबिंदर सिंह सुक्खू दिन-रात नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और पुलिस तथा प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी दोषी को बख्शा न जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की सख्ती के कारण लगातार नशा तस्करों की गिरफ्तारी हो रही है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग बार-बार सांप के फन की तरह सिर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्व समाज और प्रदेश दोनों के लिए खतरा हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं तथा नशे के कारोबार में शामिल लोगों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं बल्कि प्रदेश के युवाओं को सुरक्षित और बेहतर भविष्य देना है।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। इसलिए इसके खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे नशे जैसी बुराई से दूर रहें और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें।

### कुटलैहड़ में नशे के लिए कोई जगह नहीं,माफियों पर कार्यवाही के सख्त आदेश

विधायक विवेक शर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नशे, चाहे वह चिट्टा हो, अफीम हो या चरस, के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की शांति और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता हमेशा सामाजिक मूल्यों और भाईचारे को महत्व देती आई है। लेकिन कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के लिए युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ केवल पुलिस कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी,अभिभावकों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को आगे आकर युवाओं को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि समाज एकजुट होकर नशे के खिलाफ खड़ा हो जाए तो इस समस्या को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में खेल गतिविधियों, शिक्षा और सामाजिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देकर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया जाएगा ताकि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रह सकें।

### कुटलैहड़ की जनता से सतर्क रहने और सही नेतृत्व चुनने की अपील

विधायक विवेक शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि पंचायती राज चुनावों में ऐसे लोगों से सावधान रहें जो समाज के सामने ईमानदारी का दिखावा करते हैं लेकिन पर्दे के पीछे गलत गतिविधियों में शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता को अब समझदारी और जागरूकता के साथ मतदान करना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का माध्यम नहीं बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का अवसर भी है। इसलिए जनता को ऐसे लोगों का समर्थन करना चाहिए जो समाज को मजबूत बनाने का कार्य करें, न कि युवाओं को नशे के दलदल में धकेलें। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार और प्रशासन नशे के खिलाफ पूरी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं, लेकिन समाज का सहयोग भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि जनता जागरूक होकर नशे के खिलाफ आवाज उठाएगी तो निश्चित रूप से इस बुराई पर काबू पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ को नशा मुक्त बनाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जागरूक जनता नशे के खिलाफ इस मुहिम में पूरा सहयोग देगी और युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए एकजुट होकर कार्य करेगी।




### लेडी गवर्नर ने मानसिक पुनर्वास केंद्र में मरीजों को फल और मिठाइयां वितरित कीं

**शिमला, ( बी. शर्मा )**- हिमाचल प्रदेश राज्य रेड क्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष एवं लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता ने आज शिमला में बालूगंज स्थित हिमाचल मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास अस्पताल का दौरा कर वहां उपचाराधीन मरीजों के साथ संवाद किया।

उन्होंने मरीजों को मिठाइयां और फल वितरित किए तथा उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में दी जा रही सुविधाओं एवं देखभाल व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

संस्थान में उपलब्ध सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बिंदु गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य रेड क्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्य नियमित रूप से ऐसे केंद्रों का दौरा करते हैं और रेड क्रॉस गतिविधियों के माध्यम से मानव सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहते हैं। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस मरीजों और समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता और सहयोग के लिए तत्परता से कार्य रही है।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर ने हिमाचल प्रदेश राज्य रेड क्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा के माध्यम से तीन पुनर्वासित मरीजों को 5,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। झारखंड और बिहार से संबंधित ये लाभार्थी उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और उन्हें सुरक्षित अपने गृह राज्यों तक वापिस जाने के लिए यात्रा के लिए यह वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

मानसिक पुनर्वास केंद्र की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेखा चोपड़ा ने लेडी गवर्नर को संस्थान की कार्यप्रणाली तथा मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही उपचार सुविधाओं की जानकारी दी। लेडी गवर्नर ने केंद्र के कर्मचारियों के साथ बैठक कर मरीजों की देखभाल सेवाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य रेड क्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा के सदस्य तथा पुनर्वास केंद्र के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# किसान मजदूर संघर्ष कमेटी की बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
25 मई ( संदीप सन्नी )

किसान मजदूर संघर्ष कमेटी पंजाब (जिला गुरदासपुर) के जोन बाबा मस्तू जी की एक अहम बैठक गांव वरियाह स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित की गई। यह बैठक जोन प्रधान अनूप सिंह सुल्तानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विशेष तौर पर प्रदेश नेता सविंदर सिंह चुताला और जिला प्रेस सचिव सुखदेव सिंह अल्लड़ पिंडी उपस्थित हुए। बैठक के दौरान संगठन के फंड, वर्तमान में चल रहे कार्यों तथा भविष्य की रूपरेखा और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



### केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश नेता सविंदर सिंह चुताला ने केंद्र सरकार की किसान-मजदूर विरोधी नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार %बीज संशोधन बिल 2025% और %बिजली संशोधन बिल 2025% लाकर कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाना चाहती है। इसके साथ ही, सरकार अमेरिका के साथ टैक्स-फ्री समझौता करके देश की कृषि मंडियों को मुफ्त में अमेरिका के हवाले करने जा रही है, जिससे देश के किसानों और मजदूरों का भविष्य पूरी तरह तबाही की ओर बढ़ जाएगा।

**राज्य सरकार की वादाखिलाफी और दमन के खिलाफ लामबंदी**

नेताओं ने पंजाब की भगवंत मान सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार चुनाव से पहले किए गए अपने वादों से मुकर रही है। शंभू और खनौरी बॉर्डर से जबरन धरना उठाने के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करने के मुद्दे पर राज्य सरकार लगातार बैठकों से भाग रही है।

नेताओं ने कहा कि विभिन्न आंदोलनों के दौरान किसानों और मजदूरों पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमों के विरोध में आने वाले समय में एक बड़े और तीखे संघर्ष की जरूरत है। इसके लिए उन्होंने सभी को अभी से तैयार रहने का आह्वान किया।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**- इस बैठक में चुताला के एडिशनल जोन सचिव कुलजीत सिंह, बख्शीश सिंह सुल्तानी, अमरीक सिंह हयात नगर, जतिंदर सिंह चीमा, सुच्चा सिंह, अर्जुन सिंह वरियाह, सोहन सिंह काला नंगल, गुरप्रीत सिंह, ओंकार सिंह, जसदेव सिंह, रमनजीत कौर, कुलवंत कौर काला नंगल, कुलवंत सिंह, बलजीत कौर सैनपुर, राम मूर्ति उमरपुर, सतनाम सिंह मद्देपुर, कश्मीर सिंह हेमराजपुर और सतिंदर पाल तुंग शामिल हुए। इसके अलावा भारी संख्या में किसान-मजदूर और महिला विंग से रमनदीप कौर, मनजिंदर कौर तथा सुखदेव कौर आदि विशेष रूप से उपस्थित थीं।